वर्ष 24, अंक 220, पृष्ठ 08, मूल्यः 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज    बुधवार 18 फरवरी 2026    विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट





# 'भारत-फ्रांस बनाएंगे एवरेस्ट की ऊंचाई तक उड़ाने वाला हेलीकॉप्टर'

## मैक्रों के साथ पीसी में पीएम मोदी का ऐलान

**नई दिल्ली**

**फ्रांस** के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस में पीएम पीएम मोदी ने कहा कि फ्रांस भारत के सबसे पुराने स्ट्रैटजिक पार्टनर में से एक है. उन्होंने कहा, 'आज हम अपने संबंधों को स्पेशस, ग्लोबल, स्ट्रैटिजिक पार्टनरशिप के रूप में स्थापित कर रहे हैं. यह ग्लोबल स्टेबिलिटी और प्रोग्रेस की पार्टनरशिप है. राष्ट्रपति मैक्रों के साथ मिलकर हमने इस स्ट्रैटजिक पार्टनरशिप को अभूतपूर्व गहराई और ऊर्जा दी है.'

**पीएम मोदी ने H-125 हेलीकॉप्टर का किया जिक्र**

पीएम मोदी ने एच-125 हेलीकॉप्टर के बारे में बात करते हुए कहा, 'हमें गर्व है कि भारत और फ्रांस मिलकर माउंट एवरेस्ट की ऊंचाई तक उड़ान भरने वाला विश्व का पहला हेलीकॉप्टर भारत में बनाएंगे. इसे हम पूरे विश्व को एक्सपोर्ट करेंगे. भारत और फ्रांस के बीच कोई बाउंड्री नहीं है. कुछ ही दिन पहले हमने ईयू से फ्री ट्रेड एग्रीमेंट किया, ये फ्री ट्रेड एग्रीमेंट भारत और फ्रांस के संबंधों में भी अभूतपूर्व गति लाएगा.' पीएम मोदी ने कहा, 'इनोवेशन आईसोलेशन से नहीं, बल्कि कोलेबोरेशन से होता है. हर क्षेत्र में हम अपनी इंडस्ट्री और इनोवेशन को कलेक्ट करेंगे. हम अपने स्टूडेंट और रीसर्च के आदान-प्रदान को सुगम बनाएंगे. आज दुनिया अनसर्टेनिटी के दौर से गुजर रही है, हम इंटरनेशनल सोलर एलांएस, क्टएउ के जरिए समृद्धि को बल देते रहेंगे.'

**आतंकवाद को जड़ से मिटाने के लिए प्रतिबद्धः पीएम मोदी**

ज्वाइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस में पीएम मोदी ने आतंकवाद और दुनिया के अलग-अलग क्षेत्रों छाए जंग की आहट की ओर इशारा किया. उन्होंने कहा, 'यूक्रेन, पश्चिमी एशिया या फिर इंडो पेसिफिक, हम हर क्षेत्र में शांति के सभी प्रयासों का समर्थन करते रहेंगे. आतंकवाद के हर रूप और स्वरूप को जड़ से मिटाना हमारी साझी प्रतिबद्धता है. हम जल्द ही फ्रांस में स्वामी विवेकानंद कल्चर खोलने जा रहे हैं. आज हम मिलकर एक नए अध्याय का शुभारंभ कर रहे हैं.' पीएम मोदी ने कहा, 'हम हेल्थ में एआई के लिए इंडो-फ्रेंच सेंटर, डिजिटल साइंस एंड टेक्नोलॉजी के लिए इंडो-फ्रेंच सेंटर और एयरोनॉटिक्स में स्किलिंग के लिए नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस लॉन्च करेंगे. ये भविष्य-निर्माण के प्लेटफार्म हैं.' प्रधानमंत्री ने कहा, 'आज दुनिया अनिश्चितता के दौर से गुजर रही है. ऐसे में भारत-फ्रांस साझेदारी वैश्विक स्थिरता के लिए एक ताकत है।

### पीएम का युवाओं को संदेशः एआई से डरो मत, सही कौशल से भावी दुनिया पर करोगे राज

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के कारण रोजगार बाजार में संभावित व्यवधानों को लेकर युवाओं की आशंकाओं और चिंताओं को दूर करते हुए कहा कि केंद्र सरकार इसे भविष्य की समस्या के बजाय "वर्तमान की आवश्यकता" के रूप में देख रही है। एएनआई को दिए एक विशेष साक्षात्कार में पीएम मोदी ने कहा कि मैं रोजगार बाजार में एआई-प्रेरित व्यवधानों को लेकर हमारे युवाओं की चिंताओं को समझता हूं। भय का सबसे अच्छा इलाज तैयारी है। इसीलिए हम एआई-चालित भविष्य के लिए अपने लोगों को कौशल प्रदान करने और उन्हें नए कौशल सिखाने में निवेश कर रहे हैं।



सरकार ने दुनिया की सबसे महत्वाकांक्षी कौशल विकास पहलों में से एक शुरू की है। हम इसे भविष्य की समस्या के रूप में नहीं, बल्कि वर्तमान की आवश्यकता के रूप में देख रहे हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि सही कौशल और तैयारी के साथ, हमारे युवा भविष्य के कार्यक्षेत्र का नेतृत्व करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने आगे कहा कि एआई एक "शक्ति गुणक" है जो संभावनाओं की सीमाओं को और आगे बढ़ाने में मदद करेगा, जिससे डॉक्टर, वकील और शिक्षक भी लोगों के बड़े समूहों तक पहुँचने और उनकी मदद करने में सक्षम होंगे। इतिहास गवाह है कि प्रौद्योगिकी के कारण काम खत्म नहीं होता। इसका स्वरूप बदलता है और नए प्रकार के रोजगार सृजित होते हैं। कुछ रोजगारों की परिभाषा बदल सकती है, लेकिन डिजिटल परिवर्तन भारत की अर्थव्यवस्था में नए तकनीकी रोजगार भी जोड़ेगा। सदियों से यह आशंका रही है कि नवाचार और तकनीकी क्रांतियाँ रोजगारों को समाप्त कर देंगी। फिर भी इतिहास हमें सिखाता है कि जब भी नवाचार होता है, नए अवसर उत्पन्न होते हैं। एआई के युग में भी यही सच होगा। भारत इस बदलाव के अनुकूल ढलने के लिए पहले से ही पूरी तरह से तैयार है। स्टैनफोर्ड ग्लोबल एआई वाइब्रेंसी इंडेक्स 2025 में भारत तीसरे स्थान पर रहा, जो एआई अनुसंधान एवं विकास, प्रतिभा और अर्थव्यवस्था में मजबूत वृद्धि को दशार्ता है। प्रधानमंत्री का कहना है कि नवाचार और समावेशन के संयोजन से एआई भारत के कार्यबल को सशक्त बनाएगा। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हमें विश्वास है कि एआई भारत के कार्यबल को सशक्त बनाएगा। सही कौशल और तैयारी के साथ, हमारे युवा कार्य जगत के भविष्य का नेतृत्व करेंगे।

## भारत फ्रांस साझेदारी की कोई सीमा नहीं

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को मुंबई में फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता की, जिसका उद्देश्य भारत-फ्रांस रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करना था। यह वार्ता महाराष्ट्र लोक भवन में हुई, जहां दोनों नेताओं ने अपने-अपने प्रतिनिधिमंडलों का नेतृत्व करते हुए आपसी हित के कई मुद्दों पर चर्चा की। यह बैठक राष्ट्रपति मैक्रॉन की भारत की चौथी यात्रा के अंतर्गत हुई। इससे पहले दिन में प्रधानमंत्री मोदी ने अपने मित्र, फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रॉन से मिलकर अपनी प्रसन्नता व्यक्त की। एक्स पर एक पोस्ट में प्रधानमंत्री मोदी ने यह भी बताया कि फ्रांसीसी राष्ट्रपति ने भारत की वित्तीय राजधानी में अपने अनुभव साझा किए और कहा कि मैक्रोन को यह शहर पसंद आया और उन्होंने सुबह की दौड़ का आनंद लिया।

प्रधानमंत्री ने एक्स पर अपनी पोस्ट में लिखा, मुंबई में अपने मित्र, राष्ट्रपति मैक्रोन से मिलकर बहुत खुशी हुई! उन्होंने मुझे बताया कि उन्हें यह शहर बहुत पसंद आया और उन्होंने सुबह की दौड़ का भी आनंद लिया!" दोनों नेताओं ने अपनी वार्ता से पहले मुंबई के लोकसभा भवन में मुलाकात की, जहां उन्होंने भारत-फ्रांस रणनीतिक साझेदारी के प्रमुख पहलुओं की समीक्षा की। दोनों नेताओं को एक-दूसरे का अभिवादन करते हुए सौहार्दपूर्ण बातचीत करते देखा गया। आज सुबह मुंबई में सुबह की चहल-पहल शुरू होने के समय, फ्रांसीसी राष्ट्रपति ने सुबह की सैर में शामिल होकर मुंबईवासियों को चौंका दिया।

फ्रांसीसी राष्ट्रपति को फ्रांसीसी और भारतीय अधिकारियों सहित सुरक्षाकर्मियों के एक दल के साथ जॉगिंग करते देखा गया। यह जॉगिंग शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई और रास्ते में मीडिया और स्थानीय लोगों की ओर से कोई खास व्यवधान नहीं हुआ। उसी दिन, आतंकवाद के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय एकजुटता को दशार्ते हुए एक मार्मिक क्षण में, फ्रांसीसी राष्ट्रपति मैक्रॉन और प्रथम महिला ब्रिगिट मैक्रॉन ने अपने आगमन पर 2008 के मुंबई आतंकी हमलों के पीड़ितों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस भाव ने कट्टरता और हिंसा के घावों का सामना कर चुके दो देशों के बीच एक सेतु का काम किया, जिसमें राष्ट्रपति मैक्रॉन ने लचीलेपन और लोकतंत्र के उन साझा मूल्यों पर जोर दिया जो नई दिल्ली और पेरिस को आपस में जोड़ते हैं।

## अजित पवार की मौत की होगी सीबीआई जांच?



**महाराष्ट्र**

**राष्ट्रवादी** कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) ने महाराष्ट्र के पूर्व उपमुख्यमंत्री अजित पवार से जुड़े विमान हादसे की केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) जांच की औपचारिक मांग की है। इस मांग को आगे बढ़ाने के लिए महाराष्ट्र की उपमुख्यमंत्री सुनेत्रा पवार ने आज मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से मुलाकात की और घटना की व्यापक और स्वतंत्र जांच की मांग की। बैठक के बाद बोलते हुए, एनसीपी (अजित पवार गुट) के महाराष्ट्र अध्यक्ष सुनील तटकरे ने कहा कि राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष प्रफुल पटेल, मंत्री हसन मुश्रीफ और पार्थ पवार सहित वरिष्ठ नेताओं ने मुख्यमंत्री से मुलाकात कर व्यापक जांच की मांग की थी।

तटकरे ने कहा कि हमने मुख्यमंत्री से इस पूरी घटना की सीबीआई जांच कराने का अनुरोध किया है।

मुख्यमंत्री ने हमें आश्वासन दिया है कि राज्य सरकार केंद्रीय गृह मंत्री को पत्र लिखकर सीबीआई जांच कराने के लिए आवश्यक कदम उठाएगी। इस बीच, महाराष्ट्र के पूर्व उपमुख्यमंत्री अजीत पवार से जुड़े विमान हादसे की जांच में अहम घटनाक्रम सामने आए हैं।

## 5 राज्यों में चुनावी शंखनाद की तैयारी

**नई दिल्ली**

**भारतीय** चुनाव आयोग (ईसीआई) पश्चिम बंगाल, असम, तमिलनाडु, केरल और पुडुचेरी में विधानसभा चुनावों का कार्यक्रम मार्च के मध्य में घोषित कर सकता है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि इन चारों राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश में मतदान अप्रैल में अलग-अलग तारीखों पर होने की संभावना है। अधिकारियों ने बताया कि चुनाव आयोग सभी पांच विधानसभाओं के चुनाव की तारीखें मार्च के मध्य में एक साथ घोषित करने की योजना बना रहा है। हालांकि, मतदान राज्य के अनुसार कई चरणों में भी हो सकता है।



पांचों विधानसभाओं का कार्यकाल मई और जून में अलग-अलग तारीखों पर समाप्त हो रहा है। पुडुचेरी विधानसभा का कार्यकाल 15 जून को समाप्त हो रहा है, जबकि असम, केरल, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल की विधानसभाओं का कार्यकाल क्रमशः 20 मई, 23 मई, 10 मई और 7 मई को समाप्त होगा।

### बांग्लादेश के नए पीएम तारिक रहमान को दिया दिल्ली आने का न्योता

## भारत ने बढ़ाया दोस्ती का हाथ

**बांग्लादेश**

**लोकसभा** अध्यक्ष ओम बिरला ने मंगलवार (17 फरवरी) को बांग्लादेश के नव निर्वाचित प्रधानमंत्री तारिक रहमान से मुलाकात की और उन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का व्यक्तिगत बधाई पत्र सौंपा. ओम बिरला, विदेश सचिव विक्रम मिसरी के साथ भारत सरकार की ओर से रहमान के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए. लोकसभा अध्यक्ष ने मालदीव के राष्ट्रपति, भूटान के प्रधानमंत्री और अन्य नेताओं से भी मुलाकात की.



तारिक रहमान को मिला दिल्ली आने का न्योता

लोकसभा अध्यक्ष ने एक्स पर पोस्ट कर कहा, 'बांग्लादेश के प्रधानमंत्री तारिक रहमान के साथ एक सार्थक बैठक संपन्न हुई. मैंने पीएम मोदी का व्यक्तिगत पत्र उन्हें सौंपा, जिसमें पीएम मोदी ने तारिक रहमान को जल्द से जल्द भारत आने का निमंत्रण दिया.'

तारिक रहमान के साथ बैठक को लेकर लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने कहा, 'मैंने भारत की जनता की ओर से हार्दिक बधाई दी और अपने दोनों पड़ोसी देशों के बीच स्थायी साझेदारी को और मजबूत करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई.' भारत में बांग्लादेश के उच्चायुक्त रियाज हामिदुल्लाह ने कहा, 'ओम बिरला ने भारत की ओर से शुभकामनाएं दीं और देश में आने का निमंत्रण दिया. दोनों नेताओं ने बांग्लादेश और भारत की जनता के कल्याण के लिए जन-केंद्रित सहयोग नीतियों पर मिलकर काम करने की आशा व्यक्त की।

## चारधाम यात्रा में स्लॉट बुक कर न आने वालों पर सख्ती

### अब हर रजिस्ट्रेशन पर लग सकती है इतनी फीस

**उत्तराखंड**

**उत्तराखंड** में चारधाम यात्रा के लेकर हर साल एक समस्या सामने आती है, जिसमें लोग ऑनलाइन स्लॉट बुक कर लेते हैं और फिर आते ही नहीं. इस वजह से जो श्रद्धालु सच में यात्रा करना चाहते हैं, खासकर बुजुर्ग और बच्चों के साथ आने वाले परिवार, उन्हें स्लॉट नहीं मिलता. इस समस्या से निपटने के लिए पर्यटन विभाग अब पंजीकरण पर 10 रुपये का प्रतीकात्मक शुल्क लगाने पर विचार कर रहा है.

चारधाम यात्रा के नोडल अधिकारी अमित लोहनी ने साफ किया कि यह प्रस्ताव अभी शासन स्तर पर विचाराधीन है और कोई अंतिम आदेश नहीं आया है. उनका कहना है कि छोटी सी राशि भी फर्जी बुकिंग पर रोक लगाने में कारगर साबित हो सकती है, क्योंकि जब पैसे लगेंगे तो लोग सोच-समझकर रजिस्ट्रेशन करेंगे.

**व्यवस्था सुधरेगी तो भीड़ पर भी रहेगी नजर**

पंजीकरण शुल्क से सिर्फ डमी बुकिंग नहीं रुकेगी, बल्कि प्रशासन को यात्रियों की तारीखवार सटीक जानकारी भी मिलेगी. इससे भीड़ नियंत्रण, ट्रैफिक प्लानिंग और रूट मैनेजमेंट आसान होगा. दफ कोड और डिजिटल पास के जरिये हर यात्री की लोकेशन ट्रैक की जा सकेगी, जिससे भगदड़ और जाम जैसी स्थितियों से बचा जा सकेगा.



2013 की त्रासदी के बाद से यात्रियों के डिजिटल रजिस्ट्रेशन की अहमियत और भी बढ़ गई है. किसी आपदा की स्थिति में पंजीकृत यात्री का मोबाइल नंबर और इमरजेंसी संपर्क होने से रेस्क्यू ऑपरेशन कहीं ज्यादा तेज और असरदार हो जाता है.

**कारोबारियों की मांग पर बनी उपसमिति**

होटल और टूर-ट्रैवल एसोसिएशन की मांग पर गढ़वाल आयुक्त विनय शंकर पांडेय ने अपर आयुक्त की अध्यक्षता में एक उपसमिति गठित की है. यह समिति जल्द ही अपनी सिफारिशें देगी और उम्मीद है कि एक-दो दिन में पंजीकरण प्रक्रिया शुरू हो जाएगी.

ऋषिकेश स्थित चारधाम कार्यालय में हुई बैठक में होटल एसोसिएशन, टूर-ट्रैवल यूनियन और डांडी-कांडी संचालकों ने अपने सुझाव दिए. अगली बैठक तीर्थ पुरोहितों के साथ होगी।

## भारत-जिम्बाब्वे समेत सुपर-8 की सात टीमें कंफर्म, ऑस्ट्रेलिया बाहर; पाकिस्तान पर लटकी तलवार!

**नई दिल्ली**

2026 टी20 वर्ल्ड कप में सुपर-8 स्टेज की सात टीम सामने आ चुकी हैं. टूनार्मेंट के दोनों सह-मेजबान देश यानी भारत और श्रीलंका भी अगले चरण के लिए क्वालीफाई कर चुके हैं. मंगलवार को जिम्बाब्वे बनाम आयरलैंड मैच बारिश के कारण रद्द हो गया. इसके कारण ऑस्ट्रेलिया टी20 वर्ल्ड कप से बाहर हो गया है, जबकि जिम्बाब्वे सुपर-8 में जाने वाली कुल सातवीं टीम बन गई है. यहां देख लीजिए उन सभी टीमों की लिस्ट, जो अब तक सुपर-8 में अपनी जगह पक्की कर चुकी हैं. सुपर-8 की सात टीम कंफर्म अब तक कुल 7 टीम सुपर-8 स्टेज में प्रवेश पा चुकी हैं. इनके नाम भारत, श्रीलंका, जिम्बाब्वे, वेस्टइंडीज, इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड अगले स्टेज में जगह पक्की कर चुके हैं. ग्रुप इ से श्रीलंका और जिम्बाब्वे ने क्वालीफाई किया है, जबकि ऑस्ट्रेलिया बाहर हो गया है. ग्रुप उ से वेस्टइंडीज और इंग्लैंड सुपर-8 में पहुंचे हैं, वहीं ग्रुप ऊसे दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड ने क्वालीफाई किया है.

सात टीम हुईं कंफर्म- भारत, श्रीलंका, जिम्बाब्वे, वेस्टइंडीज, इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका, न्यूजीलैंड।

# खड़े ट्रक में कंटेनर की भीषण टक्कर कंडक्टर की मौत, चालक फरार

अखंड भारत संदेश



**उतरांव।** प्रयागराज के थाना उतरांव क्षेत्र के ऊष्मापुर नेशनल हाईवे पर मंगलवार सुबह एक भीषण सड़क हादसा हो गया, जिसमें कंटेनर के कंडक्टर की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि चालक हादसे के बाद फरार हो गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कंटेनर का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

मृतक की पहचान विकास (28) पुत्र हरिशंकर निवासी उत्तम नगर, बीके मोहन गार्डन, वेस्ट दिल्ली के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि कंटेनर दिल्ली से कोलकाता जा रहा था। इसी दौरान ऊष्मापुर नेशनल हाईवे पर खड़े एक अज्ञात ट्रक में पीछे से तेज रफ्तार कंटेनर जा भिड़ा।

हादसे की सूचना मिलते ही थाना उतराव पुलिस मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद शव को बाहर निकलवाकर कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि हाईवे पर खड़े ट्रक के कारण यह दुर्घटना हुई।

पुलिस के अनुसार दुर्घटना के बाद चालक मौके से फरार हो गया है, जिसकी तलाश की जा रही है। वहीं अज्ञात ट्रक की भी पहचान कराने का प्रयास किया जा रहा है। घटना के बाद मृतक के परिजनों को सूचना दे दी गई है ।

# सावधान : चनेथू-जंघई मार्ग का गड्ढा हो सकता है जानलेवा

अखंड भारत संदेश



**जंघई।** प्रतापपुर क्षेत्र की अधिकांशतः ग्रामीण सड़कें विगत कई वर्षों से मरम्मत के अभाव में जीर्ण शीर्ण हो गई हैं ग्रामीणों एवं क्षेत्रवासियों के बार बार प्रार्थना पत्र देने के बाद भी नहीं बन रही है। जिसके कारण सड़क पर आवागमन करने वाले आम नागरिकों, छात्रों, वकीलों, व्यापारियों मे आक्रोश है क्योंकि ग्रामीणों की सुनने वाला कोई नजर नही आ रहा है। चनेथू-जंघई मार्ग की मरम्मत मानक के अनुसार न होने के कारण टूटी फूटी हुई है बारिश के कारण गड्ढों में पानी भर जाता है आवागमन करने में राहगीरों को परेशानी झेलनी पड़ती है लोग गिरकर चुटहिल हो रहे हैं। चनेथू जंघई मार्ग पर महुआपुर यादव बस्ती के समीप सड़क पर बड़ा गड्ढा हो गया जिसमें कभी भी अनहोनी घटना घटित हो सकती है रोज आने जाने लोगों को तो गड्ढे की जानकारी है, अगर कोई बाहरी रात में बाइक, साइकिल या चार पहिया वाहन से यात्रा इस मार्ग पर करेगा तो निश्चित है अनजाने में वाहन सहित इस बड़े गड्ढे में गिरकर अपने प्राण गवां सकता है। इसी क्रम में रधईपुर महरछा से पयागपुर कुंदौरा धाम जाने वाली सड़क एवं क्षेत्र की अन्य जर्जर हो चुकी सड़कों में महरछा बारी-पांडेयपुर, चंपापुर-हरिपुर पट्टी- जलालपुर, नेदुला-बजती- सरजू पट्टी गांव की सड़क पूर्णतः गड्ढे में तब्दील हो गई है। इन सड़कों की मरम्मत न होने से सभी लोग आक्रोशित हैं मिनटों का सफर घंटों मे तय करना पड़ रहा है इन सड़कों पर रात दिन आवागमन होने के बावजूद मरम्मत नहीं हो रही है।

# यूपी बोर्ड आज से शुरू, यूपी बोर्ड की सबसे बड़ी परीक्षा, लालापुर क्षेत्र के छात्रों के लिए बने पांच केंद्र

अखंड भारत संदेश




**लालापुर।** क्षेत्र में यूपी बोर्ड 2026 की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षाएं 18 फरवरी से शुरू हो रही हैं. इस साल लालापुर क्षेत्र में कई कालेजों में सेंटर बने है जिसमें हजारों से अधिक परीक्षार्थी केंद्रों पर परीक्षा देंगे. परीक्षा केंद्रों पर नकल रोकने के लिए पुलिस प्रशासन की तैनात है और पहली बार कर्मचारियों को दफ कोड युक्त क्ऊ कार्ड जारी किए गए हैं। उत्तर प्रदेश की सबसे बड़ी परीक्षा संस्था, उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद (यूपी बोर्ड) अपनी खास को बनाए रखने के लिए तैयार है. बारा क्षेत्र के लालापुर में कई कालेजों के केंद्रों पर 18 फरवरी 2026 से यूपी बोर्ड परीक्षा शुरू होने जा रही है. इस साल माँ शिव कुमारी इंटर कालेज में 600/700 विद्यार्थी केंद्र में परीक्षार्थी देंगे दूसरी ओर पंडित विष्णु राम तिवारी इंटर कालेज में हाई स्कूल में 330 बच्चे हैं इंटर में 153 बच्चे परीक्षा देंगे श्री हरिशंकर इंटर कॉलेज कालेज में 270 हाई स्कूल वही इंटर में 230 लगभग विद्यार्थी परीक्षा देंगे।माँ राजरानी इंटर कालेज में कुल 309 लगभग विद्यार्थी परीक्षा देंगे।इस तरह सेंटरो को मिला के 2100/लगभग परीक्षार्थी अपनी किस्मत आजमाएंगे. बोर्ड के लिए यह केवल एक परीक्षा नहीं, बल्कि मैनेजमेंट की चुनौती भी है।

### न्यायालय के आदेश पर दुष्कर्म वारंटी अभियुक्त के खिलाफ मुनादी, भगोड़ा घोषित कर नोटिस चस्पा

**उतरांव।** प्रयागराज के थाना उतरांव क्षेत्र अंतर्गत याकूबपुर निवासी वारंटी/ अभियुक्त प्रवीण पटेल पुत्र लालजी पटेल के विरुद्ध न्यायालय के आदेश पर पुलिस द्वारा विधिक कार्रवाई तेज कर दी गई है। अभियुक्त बलात्कार के एक प्रकरण में वांछित बताया जा रहा है। वर्ष 2025 में थाना उतरांव में धारा 64(1), 110/115(2) बीएनएस के तहत दर्ज मुकदमे की विवेचना उपनिरीक्षक रविंद्र कुमार यादव द्वारा की जा रही है। प्रकरण की सुनवाई एसीजेएम कक्ष संख्या-08 में विचाराधीन है। न्यायालय के निदेशों के अनुपालन में पुलिस टीम ने अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए उसके निवास स्थान एवं आसपास के क्षेत्रों में तलाश अभियान चलाया। इसी क्रम में पुलिस द्वारा स्पीकर के माध्यम से विधिवत मुनादी कराई गई तथा न्यायालय का नोटिस अभियुक्त के घर पर चस्पा किया गया। पुलिस के अनुसार अभियुक्त न्यायालय में उपस्थित नहीं हो रहा है, जिसके चलते उसे भगोड़ा घोषित किए जाने की प्रक्रिया के तहत कार्रवाई की जा रही है। विवेचक उपनिरीक्षक रविंद्र यादव ने आमजन से अपील की है कि अभियुक्त के संबंध में कोई भी सूचना मिलने पर तत्काल थाना उतरांव पुलिस को सूचित करें, जिससे उसे शीघ्र गिरफ्तार किया जा सके।

## सुरक्षा सैनिक, सुपरवाइजर, जीटीओ की भर्ती 26, 27 फरवरी को

**जंघई।** नागरिक पीजी कॉलेज जंघई के प्राचार्य डॉ नीरज श्रीवास्तव ने बताया कि कॉलेज में एसआईएस इंडिया लिमिटेड के तत्वाधान में जौनपुर जिले में बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध कराने हेतु तिथिवार भर्ती शिविर का आयोजन किया गया है। भारत सरकार के सूक्ष्म लघु उद्योग मंत्रालय द्वारा पारित पसारा एक्ट 2005 के तहत यह रोजगार दिया जाएगा। नागरिक पीजी कॉलेज जंघई जौनपुर में 26 व 27 फरवरी को 2 दिन का भर्ती शिविर आयोजित किया गया है। डिप्टी कमांडेंट रजनीश कुमार राय व भर्ती अधिकारी वीके सिंह गौतम ने बताया कि एसआईएस इंडिया लिमिटेड भारत की बहुराष्ट्रीय कंपनी है, जो सिविल डिफेंस के तहत एनडीआरफ द्वारा ट्रेनिंग सभी प्रशिक्षु को भी दिया जाता है और सुरक्षा प्रदान करने का कार्य पूरे भारत व विदेशों में कर रही है। इस शिविर में सुरक्षा सैनिक, सुपरवाइजर व जीटीओ की नियुक्ति की जाती है। इसके अलावा उन्होंने बताया कि जौनपुर ट्रेनिंग सेंटर सुरक्षा सैनिक एवं सुपरवाइजर और ऑफिसर पद के लिए शारीरिक माप दण्ड जिसमें लम्बाई 167.5 सेंमी, सीना 80-85 सेंमी तथा उम्र 18 से 40 के बीच, वजन 56 से ज्यादा 90 से कम तथा योग्यता हाईस्कूल पास होना चाहिए। वहीं सुपरवाइजर के लिए इंटर पास होना चाहिए और लंबाई 170 सेमी उम्र 18 से 40 वर्ष जो देखने में होनहार हो। ऐसे इच्छुक बेरोजगार युवकों को उक्त निर्धारित तिथियों में अपनी सुविधानुसार संबंधित विभिन्न विद्यालय में निर्धारित शिविर में साक्षात्कार हेतु प्रतिभाग कर सकते है। जिसमें चयनित अभ्यर्थियो का पंजीकरण करने के लिए 350 रू0 ऑनलाइन जमा करना होगा। पंजीकृत चयनित अभ्यर्थियो को प्रशिक्षण अथवा ट्रेनिंग के लिए जौनपुर भेजा जायेगा, जहाँ प्रत्येक चयनित एवं इच्छुक उम्मीदवारों को प्रशिक्षण के दौरान एक माह प्रशिक्षण के उपरांत उन्हें सरकारी एवं गैर सरकारी जगहों के तैनाती स्थलों पर सुरक्षा के कार्य में स्थाई तैनाती की जाएगी। जैसे बनारस, लखनऊ में प्रसिद्ध होटलों, मंदिरों, रेलवे मेट्रो, हॉस्पिटलों, विश्वनाथ मंदिर, अयोध्या मंदिर इत्यादि जगहों में तैनात किया जाएगा। जहाँ नौकरी के दौरान 60 वर्ष तक स्थाई पीएफ, ईएसआई, ग्रेच्युटी, इंसुरेंस की सुविधा मिलेगी।

# नैनी में भजन संध्या में जुटे भक्तगण भण्डारे का हुआ आयोजन



**नैनी।** नैनी क्षेत्र में महाशिवरात्रि के अवसर पर भगवान भोलेनाथ की विधि-विधान से पूजा-अर्चना के साथ भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। भजन संध्या में मुख्य गायक अय्याज खान (निवासी जहानाबाद, फतेहपुर) ने भोजपुरी, होलीगीत एवं फिल्मी धुनों पर आधारित भजनों की प्रस्तुति देकर भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनके साथ रविकांत तिवारी, दिनेश सिंह चौहान ने वादन में सहयोग किया, जबकि मिथलेश सिंह गौतम ने भी संगीत के माध्यम से कार्यक्रम को विशेष बनाया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य घर के रामसरन सिंह, संदीप सिंह, पंकज सिंह, शिवांश सिंह, पराग, शिवन्नया सिंह, आराधना सिंह (बिट्टू) सहित अन्य लोगों द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया। आयोजकों ने बताया कि यह भंडारा कार्यक्रम पिछले 25 वर्षों से निरंतर आयोजित किया जा रहा है, जो क्षेत्र की धार्मिक परंपरा और श्रद्धा का प्रतीक बन चुका है। देर शाम भक्तों को प्रसाद का वितरण किया गया। पूरे आयोजन में भक्ति, श्रद्धा और उल्लास का वातावरण बना रहा, जिससे महाशिवरात्रि का पर्व और भी यादगार बन गया।

## सड़क पर गंदगी बहाने के विवाद में दंपती से मारपीट, छह पर केस

**मांडा।** थाना क्षेत्र के खमनिया गांव में घर के सामने कच्ची सड़क पर गंदगी व नाबदान का पानी बहाने से रोकने पर पड़ोसियों ने पति-पत्नी की पिटाई कर दी और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित राकेश कुमार बिंद की तहरीर पर पुलिस ने लक्ष्मण प्रसाद, अनूप, अनुज, कौशिल्या देवी, मिंटा देवी और संगीता देवी के खिलाफ बलवा, मारपीट, गाली-गलौज व धमकी का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बताया गया कि आरोपियों ने धारदार हथियार, कुल्हाड़ी व फरसा लेकर हमला किया। शोर सुनकर बीच-बचाव करने आई पत्नी साधना को भी घायल कर दिया। दोनों घायलों का इलाज रामनगर सीएचसी में कराया गया। पुलिस मामले की पड़ताल कर रही है।

# माघ मेले के मद्देनजर अस्थायी रूप से सूबेदारगंज शिफ्ट की गई ट्रेनों की घर वापसी




**प्रयागराज।** माघ मेले के मद्देनजर अस्थायी रूप से सूबेदारगंज शिफ्ट की गईं ट्रेनों की घर वापसी होने जा रही है। प्रयागराज एक्सप्रेस और प्रयागराज-लालगढ़ एक्सप्रेस 18 फरवरी से अपने मूल स्टेशन प्रयागराज जंक्शन पर लौट रही हैं। प्रयागराज जंक्शन पर दबाव कम करने के लिए दो जनवरी से इन दोनों ट्रेनों का संचालन सूबेदारगंज स्टेशन से हो रहा था। लगभग 47 दिनों के बाद ये दोनों ट्रेनें अपने पुराने स्टेशन पर नजर आएंगी। माघ मेले के दौरान अधिक से अधिक स्पेशल ट्रेनें चलाने के लिए जंक्शन पर कई महत्वपूर्ण ट्रेनों का ठहराव बंद कर दिया गया था। अब स्थिति सामान्य होने पर यह ट्रेनें फिर से प्रयागराज जंक्शन पर रुकेंगी। इनमें गाड़ी संख्या 12505/12506 नार्थ ईस्ट, 12323/12324 बाड़मेर-हावड़ा, 12423/12424 राजधानी एक्सप्रेस, 12301/12302 हावड़ा राजधानी, 12305/12306 हावड़ा राजधानी, 12309/12310 राजेंद्र नगर-नई दिल्ली राजधानी, 12487/12488 सीमांचल एक्सप्रेस आदि शामिल हैं। प्रयागराज एक्सप्रेस और लालगढ़ एक्सप्रेस को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 18 फरवरी से जंक्शन पर शिफ्ट किया जा रहा है। सात जोड़ी अन्य ट्रेनों का ठहराव भी जंक्शन पर बहाल हो जाएगा।

## कोरांव के छापर हरदौन में गायब युवक की मिली लाश हत्या का आरोप

### मौके पर पुलिस टीम पहुंची, ग्रामीण आक्रोशित

**कोरांव।** कोरांव के छापर में तीन फरवरी से लापता युवक जितेंद्र प्रसाद कोल पुत्र लोलर बाईस वर्ष की लाश बॉर्डर के जंगल में मिली। लाश की निर्मम हत्या कर अपराधी जंगल में फेंक दिए।

कोरांव थाना में गुमशुदगी की रपट दे गई थी। आज सूचना मिली कि जंगल में उसकी लाश मिली हत्यारों ने लाश को नष्ट कर दिए थे परिजन उसके जूते कपड़ों से पहचान की। कोरांव पुलिस देर रात तक पोमा के लिए लाश ले जाने में मशगूल रही। ग्रामीण आक्रोशित रहे। समाचार लिखे जाने तक लाश गांव मेही रही। हत्या का कारण सुर अभियुक्तों के बारे में जानकारी नहीं चल सकी थी।

# मजदूर युवक के पिता की तहरीर पर दलित उत्पीड़न सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज

## दूसरे पक्ष के तहरीर पर भी मुकदमा दर्ज पुलिस मामले की जांच कर रही है

**मांडा।** थाना क्षेत्र के बिंदेश्वरीपुर गांव में बाइक हटाने को लेकर हुए विवाद में एक मजदूर युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए शहर के अस्पताल रेफर किया गया है। यह घटना तब हुई जब हाटा गांव निवासी 19 वर्षीय शिवा पुत्र मानिक चंद्र, रोहित पटेल की पिकअप पर भूसा लोड करने जा रहा था। बिंदेश्वरीपुर गांव की सड़क पर बड़ी बनवारीखास निवासी गोपाल दुबे पुत्र राम सागर ने अपनी बाइक खड़ी कर रखी थी और कथित तौर पर शराब पी रहे थे।

शिवा ने गोपाल दुबे से बाइक हटाने का अनुरोध किया, जिस पर वह नाराज हो गया। आरोप है कि गोपाल दुबे ने शिवा को पिकअप से नीचे उतारकर बेरहमी से पीटा, जिससे उसे गंभीर चोटें आईं।

घायल शिवा को उसके परिजन आनन-फानन में मांडा थाने ले गए, जहां से पुलिस ने उसे तत्काल मांडा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) भेजा। वहां डॉक्टरों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे शहर के अस्पताल रेफर कर दिया।

शिवा की मां राजकुमारी ने घटना की जानकारी दी है। उनके पति मानिक चंद्र ने मांडा थाने में आरोपी के खिलाफ तहरीर दी है और मुकदमा दर्ज करने की मांग की है। मांडा इंस्पेक्टर अनिल कुमार वर्मा ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर आरोपियों के विरुद्ध दलित उत्पीड़न सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच एसीपी मेजा द्वारा की जाएगी। वहीं दूसरे पक्ष के घायल गोपाल दूबे पुत्र राम सागर दूबे की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।



मजदूर युवक को गम्भीर हालत में मांडा थाने पिकअप पर लादकर पहुंचते परिजनों की फोटो

# पाण्डेश्वर नाथ धाम पड़िला में तीन दिवसीय मेले का हुआ सकुशल समापन

## ग्राम प्रधान महेन्द्र गिरि द्वारा सभी को अंग वस्त्र के साथ किया सम्मानित

अखंड भारत संदेश



**थरवई।** बड़े ही भव्य तरीके से पाण्डेश्वर नाथ धाम पड़िला में मेले के आयोजन पर महाशिवरात्रि पर्व पर भव्य मेले लगे दिखे जहां पर लोग भरपूर मेले का आनन्द लिया वहीं महिलाएं अपने गृहस्थ सामानों की खरीद दारी तो वहीं बच्चे खिलौने आदि को लेते हुए मेले का लुफ्त उठाया। महाशिवरात्रि पर भोर से ही शिव भक्तों का मंदिर में जलाभिषेक के लिए तांता लगा रहा और लाखों से अधिक श्रद्धालु मंदिर में दर्शन करने के लिए पहुंचे थे वहीं मेले के दूसरे व तीसरे दिन सभी ने मेले का आनन्द लिया। मेले में किसी भी प्रकार अव्यवस्था उत्पन्न ना हो जिसको दृष्टिगत रखते हुए उच्च अधिकारी मेले का जायजा लेते रहे वहीं हर मुख्य बिंदुओं पर पुलिस फोर्स भी तैनात रहे। मंदिर में जलाभिषेक के दौरान सफाई व्यवस्था को लेकर स्वेच्छा कर्मी भी मेले में तैनात रहते हुए सफाई व्यवस्था में जुटे रहे। मेले के तीसरे दिन शांतिपूर्ण ढंग से मेले का समापन हुआ इस मौके पर पाण्डेश्वर नाथ धाम के महंत अखिलेश गिरी, पुजारी विवेक गिरि को अंग वस्त्र भेंट किया गया। इसी मौके पर विनीत बंसल, विजय कुमार गौतम, ग्राम प्रधान जैतवारडीह महेन्द्र गिरि मंडल अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी के द्वारा सभी को इस सकुशल मेले के समापन को लेकर उन्हें सम्मान के रूप में अंग वस्त्र भेंट किया गया। सुशील मिश्रा, प्रकाश शुक्ला, संतोष पटेल, सुरेन्द्र, बृजेश यादव, विपिन यादव, प्रमोद यादव, रिंकू, भोले गिरि, बृजेश तिवारी आदि सभी मौजूद रहे।

## घर का ताला तोड़ कर अज्ञात चोरों ने लाखों के माल पर किया हाथ साफ

**मऊआइमा।** सोमवार की रात अज्ञात चोरों ने एक घर को निशाना बनाते हुए घर का ताला तोड़ कर अंदर दाखिल हो गए ।संदूक बक्श में रखा सोने चांदी के जेवरात तथा नगदी सहित लाखों की चोरी करने में सफल रहे।भुक्तभोगी ने थाने में तहरीर दी है।

मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम सराय जोधराय निवासनीय शिवकुमारी गुप्ता पत्नी स्वर्गीय राम लखन सोमवार को पडोस में रह रहे अपने भाई शिवनाथ के यहां चली। मंगलवार को सुबह जब आयी तो देखा कि घर का ताला टुटा है और घर में रखे संदूकों और बक्सों आदि का ताला तोड कर चोरों ने लाखों के पुत्र वधुओं के सोने चांदी के गहने तथा लाखों रूपया नकदी अज्ञात चोर चुरा ले गए हैं। शिवकुमारी की सूचना पर पहुंची पुलिस ने खोजी कुत्ता बुलाकर छान बीन की परन्तु कुछ पता नहीं चला। शिवकुमारी ने मऊआइमा थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर दी है।बता दें कि शिवकुमारी विधवा है उसके तीन पुत्र हैं तीनों मुंबई में नौकरी करते हैं। तीनों की पत्नियां घर पर रहती हैं।इस समय तीनों अपने अपने मयके गई हुई हैं।

### थाने के बाहर अधिवक्ता को धमकाने पर मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** सोरांव थाना क्षेत्र के ग्राम बरजी निवासी मोहम्मद महताब आलम पेशे से अधिवक्ता हैं।उनका आरोप है कि वह जरुरी काम से थाने आए थे थाने से निकलते ही दबंग युवक उसे गालियां दी और जान से मारने की धमकी देते हुए कमर में खोंसे तमंचा की ओर इशारा किया। महताब आलम ने मऊआइमा थाने में अब्दुल्ला तथा तीन अज्ञातों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे बेटे के आधार कार्ड नंबर 6977 1838 6502 में भूल बस निमंशु यादव दर्ज हो गया है जो गलत है जन्म प्रमाण पत्र वा अन्य अभिलेखों में सही नाम हिमांशु यादव दर्ज है मेरे बेटे का सही नाम हिमांशु यादव ही समझा जाए। **मनीता देवी पत्नी विजय सिंह निवासी-समदा मजरा जलालपुर शाना, परगना वा तहसील चायल जनपद कौशांबी।**

# गंगा स्नान के दौरान डूबे दो किशोर, एक का शव बरामद, दूसरे की तलाश जारी

**अखंड भारत संदेश**





झूंसी। संगम नगरी के झूंसी क्षेत्र में मंगलवार दोपहर एक बड़ा हादसा हो गया। माघ मेला क्षेत्र के पुल नंबर 4 के पास गंगा स्नान करने गए चार किशोर दोस्तों में से दो गहरे पानी में समा गए। घंटों चले सर्च ऑपरेशन के बाद गोताखोरों ने एक किशोर का शव बरामद कर लिया है, जबकि दूसरे का अभी तक कुछ पता नहीं चल सका है। इस घटना के बाद से दोनों परिवारों में कोहराम मचा हुआ है। पुलिस ने बताया कि फूलपुर के पहसी गांव निवासी आदित्य पटेल (15) अपने मामा के घर कटका झूंसी में रहकर पढ़ाई करता था। मंगलवार दोपहर करीब 2 बजे वह अपने तीन दोस्तों कार्तिक तिवारी (16), शिवम और सत्यम के साथ गंगा नहाने गया था। नहाते समय आदित्य और कार्तिक अचानक गहरे पानी की चपेट में आ गए और डूबने लगे। साथ मौजूद शिवम और सत्यम ने उन्हें बचाने की कोशिश की, लेकिन पानी का बहाव तेज होने के कारण वे असफल रहे। शोर मचाने पर स्थानीय लोग इकट्ठा हुए और परिजनों को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन और गोताखोरों की टीम मौके पर पहुंची। काफी मशक्कत के बाद आदित्य पटेल का शव पीपा पुल नंबर 3 के पास से बरामद हुआ। परिजनों के करुण क्रंदन को देखते हुए और उनके अनुरोध पर पुलिस ने बिना पोस्टमार्टम के शव उन्हें सौंप दिया। वहीं, कार्तिक तिवारी का अभी तक कोई सुराग नहीं लग पाया है। कार्तिक के पिता अजय की पहले ही मौत हो चुकी है मां रेनू और उसकी दो बहनें, एक भाई घाट पर ही टकटकी लगाए उसकी सलामती की दुआ कर रहे थे। बताया जा रहा है कि चारों किशोरों में गहरी दोस्ती थी कार्तिक, आदित्य और शिवम कक्षा 8 के छात्र थे, जबकि सत्यम हाई स्कूल में पढ़ता था। एक साथ हंसते-खेलते गंगा तट पर पहुंचे दोस्तों की टोली इस हादसे के बाद बिखर गई है। चौकी इंचार्ज नई झूंसी हरिशंकर मिश्रा ने बताया कि जल पुलिस की टीमें के साथ बुधवार को भी कार्तिक की तलाश में सर्च ऑपरेशन चलाया जाएगा।

# बोर्ड परीक्षा सेंटर जा रही छात्रा को ट्रक ने कुचला, मौके पर मौत

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** बहरिया क्षेत्र में सोमवार दोपहर एक दर्दनाक हादसा हुआ, जिसमें 12वीं की छात्रा वैष्णवी (17) पुत्री शैलेंद्र कुमार मौर्य की तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में बाइक चला रहा उसका फुफेरा भाई प्रताप गंभीर रूप से घायल हो गया और उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है।वैष्णवी अपने फुफेरे भाई के साथ करीब डेढ़ किलोमीटर दूर स्थित मां कौशल्या देवी इंटर कॉलेज जा रही थी, जहां उसका बोर्ड परीक्षा केंद्र था। सरायगनीझधमौर ईदगाह मोड़ के पास जैसे ही वे सड़क पर पहुंचे, पीछे से आए तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही प्रताप बाइक से दूर जा गिरा, जबकि वैष्णवी सड़क के बीचोंबीच गिर गई और ट्रक उसे रौंदते हुए निकल गया। घटना की सूचना मिलते ही परिजन और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने बताया कि इस मार्ग पर ब्रेकर या सुरक्षित यातायात इंतजाम नहीं होने के कारण ट्रक चालक अक्सर बेकाबू रफ्तार में वाहन चलाते हैं, जिससे बार-बार हादसे होते हैं। वैष्णवी दो भाइयों और दो बहनों में सबसे बड़ी थी। उसके माता-पिता का कहना है कि वह आईएएस अधिकारी बनना चाहती थी और पढ़ाई में बेहद होनहार थी। इस हादसे ने परिवार की सभी उम्मीदें तोड़ दी हैं।

बहरिया थानाध्यक्ष बृजेश कुमार सिंह ने बताया कि ट्रक चालक की तलाश जारी है और मामले की जांच पुलिस कर रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा चुका है, और परिजनों को सूचना दे दी गई है।

# युवती का किया गर्भपात, गंभीर हालत में एसआरएन अस्पताल में भर्ती, डॉक्टर समेत तीन पर मुकदमा दर्ज

**अखंड भारत संदेश**

प्रयागराज । गंगानगर के फाफामऊ में रहने वाली 21 वर्षीय युवती का कुछ डॉक्टरों ने गर्भपात कर दिया। इससे उसकी हालत बिगड़ गई। युवती को स्वरूपरानी नेहरू (एसआरएन) अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज चल रहा है। युवती के भाई की तहरीर पर फाफामऊ पुलिस ने बारादरी बाजार होलागढ़ निवासी डॉक्टर सत्येंद्र पटेल, राहुल और युवती के साथी जगदीशपुर शुक्लानी नवाबगंज के रविराज के खिलाफ मुकदमा कायम किया है। आरोपितों की तलाश की जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार फाफामऊ थाना क्षेत्र के एक गांव में रहने वाले एक व्यक्ति का आरोप है कि रविराज उनके घर आता-जाता था। इसी दौरान बहन से दोस्ती हो गई। एक सप्ताह पहले बहन के पेट में अचानक दर्द हुआ। तब बहन ने फोन करके रविराज को बताया। उसने बहन को सोरांव बुलाते हुए परिचित डॉक्टर को दिखाने के लिए कहा। बहन अपनी मां के साथ सोरांव पहुंची, जहां रविराज मिला। इसके बाद उसकी बहन को बारादरी बाजार होलागढ़ स्थित राहुल क्लीनिक पर ले जाया गया।

वहां डॉक्टर सत्येंद्र पटेल और राहुल ने जांच करके बताया कि दवा देने से दर्द ठीक हो जाएगा। दोनों डॉक्टरों ने मिलकर दवा खिलाई, जिसके थोड़ी देर बाद बहन के प्राइवेट पार्ट से खून निकलने लगा। इस पर रविराज मां के साथ बहन को सोरांव स्थित देव हास्पिटल ले गए, जहां के डॉक्टरों ने देखकर बताया कि गर्भपात कराया गया है। बहन की हालत गंभीर होने पर उसे स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

**थानाध्यक्ष फाफामऊ बोले- जल्द गिरफ्तार होंगे आरोपित**

इस संबंध में थानाध्यक्ष फाफामऊ अश्विनी सिंह का कहना है कि मामले में तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज करके विवेचना की जा रही है। जल्द ही आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# झूंसी हत्याकांड का 24 घंटे में खुलासा, चार आरोपी गिरफ्तार, वारदात में प्रयुक्त डंडे बरामद

**अखंड भारत संदेश**




**झूंसी।** झूंसी थाना क्षेत्र में हुए युवक हत्याकांड का पुलिस ने 24 घंटे के भीतर खुलासा कर दिया। पुलिस ने मामले में वांछित चार आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए घटना में प्रयुक्त लकड़ी के दो डंडे बरामद किए हैं। कार्रवाई के बाद क्षेत्र में हलचल मच गई।

दौलतपुर बजहां गांव निवासी कुलदीप बिंद की हत्या के मामले में उसके पिता राममूरत बिंद की तहरीर पर थाना झूंसी में मुकदमा संख्या 50/2026, धारा 103(1)/238 बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज की गई थी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और फोरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर साक्ष्य संकलित किए थे। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए कई टीमें गठित की गई थीं।

मंगलवार को पुलिस ने रेलवे अंडरपास के पास दबिश देकर मुन्ना लाल उर्फ मुनमुन (29), पप्पू बिंद (45), देसी बिंद (40) और बबनी देवी (65) को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपियों ने वारदात में शामिल होने की बात स्वीकार की। उनकी निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त लकड़ी के दो डंडे बरामद किए गए।पुलिस अधिकारियों के मुताबिक प्रारंभिक जांच में आपसी रंजिश को घटना का कारण माना जा रहा है। हालांकि अन्य पहलुओं की भी जांच की जा रही है। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेश कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।थाना प्रभारी झूंसी के नेतृत्व में गठित टीम की इस त्वरित कार्रवाई से पुलिस ने हत्याकांड का शीघ्र खुलासा कर दिया। क्षेत्रीय लोगों ने भी पुलिस की तत्परता की सराहना की है।

## आरपीएफ जवानों के राशन भत्ते में 1.89 रुपये की मामूली वृद्धि

**प्रयागराज।** महंगाई की मार से जूझते सुरक्षा की पहली पंक्ति में खड़े रेलवे के जवानों के हिस्से आई है महज 1.89 रुपये की बढ़ोतरी। भारतीय रेलवे के सुरक्षा प्रहरी, रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) और आरपीएसएफ के देश भर के करीब 70 हजार जवानों के राशन भत्ते में प्रतिदिन इतनी ही वृद्धि की गई है। दिन-रात ट्रेनों, स्टेशनों और यात्रियों की सुरक्षा में तैनात इन जवानों के लिए यह बढ़ोतरी राहत नहीं, बल्कि व्यवस्था पर सवाल खड़े करती है। गत पांच वर्षों में यह सबसे कम बढ़ोतरी है और यह दर एक अप्रैल 2025 से लागू मानी जाएगी। अब जवानों का दैनिक भत्ता 150.04 रुपये से बढ़कर 151.93 रुपये हो जाएगा।

# महिलाओं और युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने हेतु रामनगर में कौन बनेगा बिजनेस लीडर प्रतियोगिता आयोजित

महिला आर्थिक सशक्तिकरण परियोजना के तहत आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं और युवाओं ने किया प्रतिभाग तकनीकी सुविधा,बाजार संपर्क,क्षमता वृद्धि,ऋण सुविधा और सरकारी योजनाओं की दी गई जानकारी





नुक्कड़ नाटक के जरिए लोगों को जागरूक करते कलाकार व कौन बनेगा बिजनेस लीडर प्रतियोगिता में मौजूद अधिकारी

**अखंड भारत संदेश**

**मेजा।** उद्यमिता विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विकास खंड उरुवा के रामनगर गांव में कौन बनेगा बिजनेस लीडर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महिला आर्थिक सशक्तिकरण परियोजना के अंतर्गत आयोजित हुआ,जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाओं और युवाओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में प्रतिभागियों को तकनीकी सुविधा, बाजार से संपर्क, क्षमता वृद्धि, ऋण सुविधा तथा उद्यमी सहायता केंद्र के माध्यम से सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में मौजूद अधिकारियों ने बताया कि इन माध्यमों से ग्रामीण महिलाओं और युवाओं को स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ाया जा सकता है। कार्यक्रम का शुभारंभ सहायक विकास अधिकारी (ग्रामीण) कमलेश कुमार सिंह तथा खंड मिशन प्रबंधक विनय कांत शुक्ला ने किया। इस दौरान स्वामी विवेकानंद शिक्षा समिति के कार्यक्रम प्रबंधक प्रशांत श्रीवास्तव ने उद्यमिता विकास एवं उद्यम स्थापना से जुड़ी विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान नुक्कड़ नाटक के जरिए लोगों को जागरूक भी किया गया। कलाकारों ने अभिनय के माध्यम से स्वरोजगार,आत्मनिर्भरता और सरकारी योजनाओं के महत्व को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया, जिसकी उपस्थित महिलाओं और युवाओं ने जमकर प्रशंसा किया। संस्था के सहायक कार्यक्रम प्रबंधक पीयूष रंजन और हर्ष सिंह ने बताया कि परियोजना के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं और युवाओं को उद्यमिता की ओर प्रेरित किया जा रहा है। गांव-गांव में सरकारी और गैर-सरकारी योजनाओं की जानकारी पहुंचाकर अधिक से अधिक लोगों को लाभान्वित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताओं से ग्रामीण क्षेत्रों में कम समय में अधिक उद्यम स्थापित किए जा सकते हैं और रोजगार के अवसर बढ़ाए जा सकते हैं।

प्रतियोगिता में तीन विकासखंडों के विभिन्न गांवों से लगभग 250 से 300 महिलाओं ने प्रतिभाग किया। अंत में सभी प्रतिभागियों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया।

# यूपी बोर्ड की परीक्षा शांति पूर्वक ढंग से संपन्न कराने हेतु सर्किल की पुलिस टीम एलर्ट : एसपी उपाध्याय

कहा - शासन के मंशानुरूप हाईस्कूल और इंटर बोर्ड की परीक्षा सकुशल पारदर्शी तथा नकलविहीन करना है हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की गड़बड़ी या फिर अफवाह फैलाने वालों के विरुद्ध होगा कड़ा एक्शन,सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर चप्पे चप्पे पर रहेगी सर्किल पुलिस की पैनी नजर

**(चन्द्रमा प्रसाद/अतुल तिवारी)**



एसीपी मेजा एसपी उपाध्याय

**मेजा।** मेजा सर्किल में बुधवार 18 फरवरी से माध्यमिक शिक्षा परिषद यूपी बोर्ड की संचालित होने वाली हाईस्कूल और इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षाओं को शासन की मंशानुरूप शांति पूर्ण माहौल में सकुशल, पारदर्शी और नकल विहीन संपन्न कराना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। इसके लिए शासन के निदेर्शानुसार स्थानीय पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। उक्त बातें सहायक पुलिस आयुक्त मेजा एसपी उपाध्याय ने अखंड भारत प्रतिनिधि मेजा से औपचारिक मुलाकात के दौरान प्रेसवार्ता में व्यक्त किए।

उल्लेखनीय है कि एसीपी मेजा बोर्ड परीक्षाओं के मद्देनजर भारी पुलिस बल के साथ सर्किल के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का सघन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पुलिस टीम के साथ प्रश्नपत्रों के रखरखाव के लिए बनाए गए स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था को भी परखा और केंद्र व्यवस्थापकों को कड़े निर्देश भी दिए। इतना ही नहीं इस दौरान श्री उपाध्याय ने सर्किल के कई केंद्र व्यवस्थापकों से मुलाकात कर सुरक्षा व्यवस्था संबंधी बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने परीक्षा कक्षों में लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच पड़ताल पर विशेष फोकस किया और परीक्षा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के लिए तैनात सुरक्षा कर्मियों को सख्त हिदायत दिया है कि ड्यूटी के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी। उन्होंने कहा कि परीक्षा के समय केंद्र परिसर के भीतर किसी भी बाहरी या अनाधिकृत व्यक्ति का प्रवेश पूरी तरह वर्जित रखने का निर्देश दिया गया इसके लिए सर्किल के स्थानीय पुलिस की गस्त लगातार जारी रहेगी और परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की गड़बड़ी या अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ कठोर एक्शन लिया जाएगा। इसके अतिरिक्त उन्होंने यह भी बताया कि परीक्षा केंद्रों के आसपास की दुकानों और संदिग्ध गति विधियों पर भी पुलिस की पैनी नजर होगी। मेधावी छात्र छात्राओं को परीक्षा के दौरान किसी भी असुविधा का सामना न करना पड़े हर मोर्चे पर उन्होंने स्थानीय पुलिस को तत्पर रहने के लिए कड़े और सख्त निर्देश दिए हैं। श्री उपाध्याय का मानना है कि हाई स्कूल एवं इंटर बोर्ड की परीक्षाओं को किसी भी हालत में शांति पूर्वक ढंग से पारदर्शी और नकल विहीन करना ही हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी।

## होली पर यात्रियों को रोडवेज का तोहफा, प्रयागराज से 7 रूट पर 11 दिनों तक चलेंगी विशेष बसें

**प्रयागराज।** राजधानी दिल्ली से प्रयागराज आने वाले यात्रियों को इस बार होली पर परेशान होने की आवश्यकता नहीं है। परिवहन निगम दिल्ली से प्रयागराज के बीच रोडवेज बसों का संचालन प्रतिदिन करेगा। होली के समय इनके फेरों की संख्या भी बढ़ाई जाएगी। कुल सात बसें दिल्ली रूट के लिए निर्धारित कर दी गई हैं। रेलवे द्वारा होली विशेष ट्रेनों की समय सारिणी जारी करने के बाद अब परिवहन निगम ने भी होली विशेष बसों के अतिरिक्त फेरों की समय सारिणी जारी की है। प्रयागराज से विभिन्न रूटों पर रोडवेज बसों का संचालन सिविल लाइंस, जीरो रोड, लीडर रोड, झूंसी से करने की योजना है। बसें 28 फरवरी से हर दिन 148 अतिरिक्त फेरे लगाएंगी। कुल 1628 फेरों का संचालन सात रूट पर 11 दिन यानी नौ मार्च तक होगा। इस दौरान रोडवेजकर्मी अवकाश न लें, इसके लिए प्रोत्साहन योजना भी लागू कर दी जा रही है। नौ दिन काम करने वाले चालक-परिचालक को औसतन 300 किमी बस चलाने पर 400 रुपये प्रतिदिन की दर से 3,600 रुपये मिलेंगे।

# मंडलीय समीक्षा बैठक में सख्त रुख, योजनाओं में शत-प्रतिशत प्रगति के निर्देश

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** प्रयागराज के गांधी सभागार में मंगलवार को मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल की अध्यक्षता में मंडलीय विकास कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की बिंदुवार समीक्षा करते हुए अधिकारियों को लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत उपलब्धि सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

**पीएम सूर्यघर योजना पर नाराजगी**

पीएम सूर्यघर योजना की समीक्षा के दौरान प्रयागराज की प्रगति असंतोषजनक पाए जाने पर मंडलायुक्त ने नाराजगी जताई। उन्होंने विद्युत विभाग से समन्वय स्थापित कर सोलर रूफटॉप स्थापना में तेजी लाने और लक्ष्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही वेंडरों के साथ बैठक कर कार्य में गति लाने को कहा। कौशांबी और प्रतापगढ़ को भी ह्यएह्न श्रेणी की रैंकिंग प्राप्त करने के लिए प्रयास तेज करने के निर्देश दिए गए।

**छात्रवृत्ति, कुसुम और आवास योजना की समीक्षा**

दशमोत्तर एवं पूर्वदशमोत्तर छात्रवृत्ति/शुल्क प्रतिपूर्ति योजना में प्रयागराज और कौशांबी की धीमी प्रगति पर समाज कल्याण, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग को शिक्षण संस्थानों के साथ समन्वय बढ़ाने के निर्देश दिए गए।

पीएम कुसुम योजना के तहत सोलर पंप स्थापना में प्रयागराज, फतेहपुर और कौशांबी की स्थिति कमजोर पाए जाने पर स्वीकृत आवेदनों के सापेक्ष शत-प्रतिशत आपूर्ति सुनिश्चित करने को कहा गया।

मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण में प्रतापगढ़ की प्रगति धीमी पाए जाने पर भी नाराजगी जताई गई।

**स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के निर्देश**

मंडलायुक्त ने सभी मुख्य चिकित्साधिकारियों को सामुदायिक और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर साफ-सफाई व आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। गर्भवती महिलाओं के पंजीकरण, संस्थागत प्रसव, नवजात एवं प्रसूता मृत्यु के ऑडिट और समय से प्रोत्साहन राशि भुगतान पर विशेष जोर दिया गया। आशा और आंगनबाड़ी कार्यकताओं से समन्वय बढ़ाने के भी निर्देश दिए गए।

**कान्हा गौशाला निर्माण में तेजी लाने को कहा**

पशुपालन विभाग की समीक्षा में कान्हा उपवन और गौशाला केंद्रों के निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। फतेहपुर के जाफराबाद गोकुलपुर, किशनपुर और बहुआ क्षेत्रों में निर्माण कार्य की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताई गई। निराश्रित गोवंशों को संरक्षित करने, चारा-पानी, प्रकाश, छांव और टीकाकरण की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया।

**अनुपस्थित प्रोजेक्ट मैनेजर से स्पष्टीकरण**

फतेहपुर में सीएनडीएस कार्यदायी संस्था के प्रोजेक्ट मैनेजर के बैठक में अनुपस्थित रहने पर उनसे स्पष्टीकरण तलब करने के निर्देश दिए गए। साथ ही अधिक लागत वाली 10 प्रमुख परियोजनाओं को गुणवत्ता के साथ समयबद्ध पूरा करने के निर्देश दिए गए।

**राजस्व वसूली और ट्रांसफार्मर बदलने पर जोर**

विद्युत विभाग को जले ट्रांसफार्मरों को निर्धारित समय में बदलने तथा अतिरिक्त ट्रांसफार्मर की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। कर एवं करेत्तर राजस्व की समीक्षा में विभागों को कार्ययोजना बनाकर शत-प्रतिशत वसूली सुनिश्चित करने को कहा गया।

बैठक में जिलाधिकारी प्रयागराज मनीष कुमार वर्मा, जिलाधिकारी प्रतापगढ़ शिव सहाय अवस्थी, जिलाधिकारी फतेहपुर रविंद्र सिंह सहित मंडल के संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार को न्याय रथ रवाना, जनपद न्यायाधीश ने दिखाई हरी झंडी



**प्रयागराज।** प्रयागराज में 14 मार्च 2026 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए शनिवार को जनपद न्यायालय परिसर से विधिक सेवा प्राधिकरण के न्याय वाहन (न्याय रथ) को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जनपद न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सत्य प्रकाश त्रिपाठी ने किया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण से प्राप्त न्याय रथ को भी जनपद में जागरूकता अभियान के लिए रवाना किया गया। प्रचार वाहन के माध्यम से पूरे शहर और आसपास के क्षेत्रों में लोक अदालत के आयोजन की जानकारी आमजन तक पहुंचाई जाएगी।

कार्यक्रम में समस्त बैंकों के प्रबंधकगण एवं जिला अग्रणी प्रबंधक, बैंक ऑफ बड़ौदा भी मौजूद रहे। उनके सहयोग से बैंक संबंधी वादों के निस्तारण को लेकर विशेष जागरूकता पर बल दिया गया। प्रचार अभियान के दौरान पराविधिक स्वयंसेवकों ने शहर में भ्रमण कर लोगों को लोक अदालत के लाभों की जानकारी दी।

इस मौके पर अपर जनपद न्यायाधीश प्रथम राम प्रताप सिंह राणा, नोडल अधिकारी लोक अदालत/एडीजे रविकांत, अपर जनपद न्यायाधीश राहुल सिंह, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट तृषा मिश्रा तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव शशि कुमार सहित अन्य न्यायिक अधिकारी उपस्थित रहे।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव शशि कुमार ने बताया कि 14 मार्च 2026 को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों के निस्तारण का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने जनपदवासियों से अपील की है कि वे अपने लंबित मामलों को चिन्हित कर स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारण का लाभ उठाएं।

# भक्ति, लोक नृत्य, संस्कृति, नाटिकाएं व तरानों ने एकता महोत्सव को चढ़ाया रंग

अखंड भारत संदेश

**लालगंज।** बाबा घुइसरनाथ धाम में तीन दिवसीय इक्तीसवें राष्ट्रीय एकता महोत्सव में सोमवार की शाम से शुरू हुआ भक्ति, लोकगीत, नृत्य नाटिकाएं व राष्ट्र प्रेम के बीच भोजपुरिया तरानों के संगम में पूरी की पूरी रात गुलजार दिखी। सुपरस्टार रितेश पाण्डेय व अभिनेत्री आस्था सिंह एवं पार्श्व गायक रवि त्रिपाठी के भजनों व भोजपुरिया फिल्मी तरानों में दर्शकों का उत्साह चरम पर दिखा। वहीं राजस्थान, हरियाणा व यूपी की संस्कृति की झलक लिए विविध लोकनृत्य देख कर भी दर्शक आनंदित हुए। लखनऊ के कलाकारों का भी वतनपरस्ती का जज्बा महोत्सव के ध्येय को चार चांद लगा गया। खचाखच भरे आडीटोरियम के साथ अति विशिष्ट दीर्घा में छज्जे तक का नजारा दर्शकों के जोश को एक से बढ़कर एक कार्यक्रमों में बढ़ाता गया। वहीं महिला दीर्घा में भी कार्यक्रमों को देखने का उत्साह और



उल्लास महोत्सव की रंगत को गाढ़ा किये हुए दिखा। जाने माने भोजपुरी स्टार रितेश पाण्डेय ने बाबा धाम में ओम नमः शिवाय का भजन प्रस्तुत किया तो दर्शकों ने भी सुर में सुर मिलाया। वहीं रितेश ने विश्वास करा तू मईया के देवी आराधना की भी मनमोहक प्रस्तुति दी। भोजपुरी स्टार आस्था सिंह रितेश के गीतों पर ठुमके लगाकर बेहतरीन संगत में दिखी। पार्श्वगायक रवि त्रिपाठी ने बोल बम बोल के साथ कलात्मक संस्कृति को मंच पर जीवन्त बनाया। लाफ्टर राजेन्द्र विश्वकर्मा हरिहर ने भी अपने गजब के अंदाज में महोत्सव में हंसी के फव्वारे छोड़े। पौराणिक नृत्य नाटिका भस्मासुर वध व कालिया मर्दन का मंचन देख भी दर्शक भावविभोर हो उठे दिखे। वहीं मंच पर राजस्थानी, हरियाणवी व अवध की लोक संस्कृति की झलक भी बुलंदी पर दिखी। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी तथा महोत्सव की संयोजिका एवं क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना ने प्रस्तुति देने वाले चोटी के कलाकारों रितेश पाण्डेय, आस्था सिंह, रवि त्रिपाठी, नीतू सिंह को मोमेण्टो तथा शॉल व माल्यार्पण कर सम्मानित किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों का संयोजन पार्श्वगायक रवि त्रिपाठी व संचालन राजेन्द्र विश्वकर्मा हरिहर ने किया।

## रानीगंज एसडीएम के तबादले की उठाई मांग, कामकाज से रहे विरत

**लालगंज।** रानीगंज तहसील में एसडीएम व अधिक्ताओं के बीच जारी गतिरोध को लेकर मंगलवार को यहां भी वकीलों ने न्यायिक कामकाज का बहिष्कार किया। संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश की अध्यक्षता में आम सभा हुई। सभा में रानीगंज एसडीएम को लेकर अधिवक्ताओं की मांग की अनदेखी को लेकर आक्रोश भी जताया गया। न्यायिक कामकाज का बहिष्कार का निर्णय लेते हुए वकीलों ने अविलम्ब रानीगंज एसडीएम को वहां से हटाए जाने का भी प्रस्ताव पारित किया। संचालन महामंत्री हरिश्चंद्र पाण्डेय ने किया। इस मौके पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष अम्बुज पाण्डेय, उपाध्यक्ष आशीष तिवारी, देवी प्रसाद मिश्र, संदीप सिंह, विपिन शुक्ल, राव वीरेन्द्र सिंह, केके शुक्ल, संतोष पाण्डेय, सिंटू मिश्र, शिवरंजन यादव, शेष तिवारी, अबरार अहमद, सत्येन्द्र श्रीवास्तव, संतोष सरोज, सुशील शुक्ला, नामवर सिंह, शिव नारायण शुक्ला, संजय सिंह, बीडी पटेल, रोशन सरोज आदि अधिवक्ता रहे।

## न्यूज झरोखा

### प्रधानाध्यापिका का आकस्मिक निधन, क्षेत्र में शोक



**पट्टी।** तहसील क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय की प्रधानाध्यापिका दीपा शुक्ला (40) का सोमवार की रात्रि आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन की खबर मिलते ही शिक्षकों, विद्यार्थियों और ग्रामीणों में शोक की लहर दौड़ गई। वह रमईपुर नेवादा स्थित प्राथमिक विद्यालय में प्रधानाध्यापिका के पद पर तैनात थीं। घटना उस समय हुई जब वह अपने निजी आवास चिलबिला में मौजूद थीं। बताया जा रहा है कि वह कुछ समय से अस्वस्थ चल रही थीं और उनका उपचार भी चल रहा था। सोमवार देर रात अचानक तबीयत अधिक बिगड़ने पर परिजन उन्हें तत्काल चिकित्सकों के पास लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उनका ससुराल कादीपुर तहसील के अधियारी गांव में है। उनके पति राजदेव पाण्डेय तथा 15 वर्षीय पुत्र उत्कर्ष पाण्डेय सहित परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। विद्यालय परिवार, ग्रामवासी और क्षेत्र के लोग उनके निधन से स्तब्ध हैं। उनके सहकर्मियों ने बताया कि वह एक कर्तव्यनिष्ठ, मिलनसार और विद्यार्थियों के प्रति समर्पित शिक्षिका थीं। उनके निधन से शिक्षा जगत को अपूरणीय क्षति हुई है।

### ओंकारेश्वर मंदिर में महाशिवरात्रि के बाद भंडारा संपन्न



**बेलखरनाथ धाम।** चिलबिला बाजार की उत्तरी छोर पर स्थित भगवान शंकर जी के प्रसिद्ध ओंकारेश्वरम् मंदिर में महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर जलाभिषेक के पश्चात विशाल रामायण पाठ का आयोजन किया गया, जिसका समापन रविवार को सकुशल संपन्न हुआ। समापन के अवसर पर सभी भक्तों के सौजन्य से विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें क्षेत्र के हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर भगवान शंकर जी को धन्यवाद दिया। मंदिर के व्यवस्थापक रविंद्र कुमार जायसवाल ने भंडारे की व्यवस्था की थी । जिसमें संतलाल, अनुराग, पिंटू, कुंदन, शिवकुमार, अरविंद कुमार, राजकुमार, सुरेश केडिया, श्याम जी जायसवाल आदि मौजूद रहे।

### एलडीबी शाखाओं का होगा कम्प्यूटरीकरण

**प्रतापगढ़।** सहकारिता विभाग के अंतर्गत पैक्स के सफल कम्प्यूटरीकरण के बाद अब एलडीबी की शाखाओं में भी कम्प्यूटरीकरण की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इस संबंध में 16 फरवरी 2026 को जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी की अध्यक्षता में डीएलआईएमसी की बैठक कैम्प कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में वरिष्ठ शाखा प्रबंधक दीपक गुप्ता ने समिति को जानकारी दी कि जनपद की सभी पांचों एलडीबी शाखाओं में कम्प्यूटर हार्डवेयर की आपूर्ति हो चुकी है। उन्होंने बताया कि शीघ्र ही डेटा फीडिंग का कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा, जिससे बैंकिंग कार्यों में पारदर्शिता और गति आएगी। जिलाधिकारी ने सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता देवेन्द्र वर्मन को निर्देशित किया कि सभी शाखाओं में प्राप्त कम्प्यूटर हार्डवेयर का सत्यापन संबंधित एडीसीओ से तत्काल कराया जाए। साथ ही शासन के निदेर्शानुसार कम्प्यूटरीकरण का कार्य समयबद्ध एवं प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करने के निर्देश दिए।

## सार्वजनिक रास्ता बंद, ग्रामीण महिलाओं ने एसडीएम से लगाई गुहार



**पट्टी।** बेलखरनाथ धाम विकास खंड के खभोर गांव में सार्वजनिक रास्ते पर कथित कब्जे का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। गांव की महिलाओं ने दबंगों द्वारा रास्ता अवरुद्ध किए जाने का आरोप लगाते हुए प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। गांव निवासी नीलम, कुसुम, सुनीता, शीला देवी, सुमन, सीमा, रंजना देवी समेत लगभग एक दर्जन महिलाओं ने संयुक्त रूप से एसडीएम पट्टी पूर्णेन्द्र मिश्रा को शिकायती पत्र सौंपा। महिलाओं का कहना है कि 83 सेक्टर मार्ग, 772 चकमार्ग तथा 775 आबादी की जमीन पर दबंगों द्वारा अवैध कब्जा कर लिया गया है, जिससे वर्मा बस्ती का मुख्य रास्ता पूरी तरह बाधित हो गया है। ग्रामीणों के अनुसार, रास्ता बंद होने से रोजमर्रा के आवागमन में भारी परेशानी हो रही है। बच्चों को स्कूल जाने, बीमारों को अस्पताल पहुंचाने और महिलाओं को घरेलू कार्यों के लिए निकलने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। महिलाओं ने प्रशासन से तत्काल पैमाइश कराकर कब्जा हटवाने और सार्वजनिक मार्ग को पुनः बहाल करने की मांग की है। इस संबंध में एसडीएम पट्टी पूर्णेन्द्र मिश्रा ने बताया कि शिकायत प्राप्त हो गई है। मामले की जांच के लिए राजस्व विभाग की टीम गठित कर दी गई है और जल्द ही मौके पर पहुंचकर जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। ग्रामीणों को अब प्रशासनिक कार्रवाई का इंतजार है, जबकि गांव में तनावपूर्ण स्थिति बनी हुई है।

## राष्ट्रीयता की मजबूती में एकता महोत्सव का है अप्रतिम योगदान : प्रमोद तिवारी

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** इक्तीसवें राष्ट्रीय एकता महोत्सव में सोमवार को विभिन्न क्षेत्रों में योगदान के लिए विशिष्टजनों को परम्परागत एकता सम्मान मिला। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने कहा कि बाबा धाम का यह महोत्सव राष्ट्रीयता के भाव को मजबूती दिया करता है। उन्होने कहा कि विकास तथा सदभावना की मजबूती में यह महोत्सव भव्य भारत के निर्माण की पवित्र संकल्पना है। अध्यक्षता करते हुए विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने एकता महोत्सव के उद्देश्य पर विस्तृत प्रकाश डाला। वहीं महोत्सव में आयोजन समिति द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में योगदान के लिए विशिष्टजनों व कलाकारों को सम्मानित भी किया गया। सांसद प्रमोद तिवारी एवं



विधायक आराधना मिश्रा मोना ने आयोजन समिति की ओर से कर्नल राघवराम मिश्र को मरणोपरान्त तथा रिटायर्ड अपर जिला जज श्याम लाल, पूर्व प्रधान मो0 सगीर, उद्यमी बाल मुकुन्द तिवारी, रामेश्वरनाथ यादव, वरिष्ठ पत्रकार निशान्त त्रिपाठी को मान पत्र व शाल तथा मोमेण्टो प्रदान कर एकता सम्मान सौंपा। वहीं सांसद प्रमोद तिवारी एवं विधायक मोना ने वज्र एकेडमी के स्वयंसेवकों व बाबा घुइसरनाथ श्रृंगार समिति के सदस्यों का भी माल्यार्पण तथा शॉल भेंटकर सम्मान प्रदान किया। स्वागत विधायक मोना के पुत्र राघव मिश्र व संचालन मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने किया। समारोह में एआईएमटी लखनऊ के निदेशक अम्बिका मिश्र, नन्दजा मिश्रा विशिष्ट अतिथि रहीं। संयोजन सांगीपुर प्रमुख अशोक सिंह बबलू, लालगंज प्रमुख इं. अमित सिंह पंकज, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी व डॉ. अमिताभ शुक्ल ने किया। प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी ने आभार प्रदर्शन किया। इस मौके पर नायब तहसीलदार वीरेन्द्र मिश्र, पूर्व प्रमुख द्दगपाल यादव, पूर्व प्रमुख रामकृपाल पासी, भुवनेश्वर शुक्ला, आशुतोष मिश्र, विकास मिश्र, लल्लन सिंह, रिंकू सिंह परिहार, अशोकधर द्विवेदी, लाल अभिषेक प्रताप सिंह, छोटेलाल सरोज, धर्मेन्द्र शुक्ल, इं. सुनील पाण्डेय, रामलोचन त्रिपाठी, रामचंद्र त्रिपाठी, त्रिभु तिवारी, अम्बुज मिश्र, संतोष पाण्डेय, अतुल शुक्ला, अभिनव शुक्ल, मुरलीधर तिवारी, संजय बघेल, राजू मिश्र, प्रियम मिश्र आदि रहे।

## गांवों में कैम्प लगाकर तैयार करायी जा रही है फार्मर रजिस्ट्री

### उप कृषि निदेशक धधुआगाजन में फार्मर रजिस्ट्री कैम्प का किया निरीक्षण

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी के निर्देश व मुख्य विकास अधिकारी डा0 दिव्या मिश्रा के पर्यवेक्षण में जनपद के समस्त विकास खण्डों में 16 से 23 फरवरी की अवधि में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना (पीएम किसान) का लाभ प्राप्त कर रहे कृषकों की फार्मर रजिस्ट्री तैयार कराने हेतु गांवों में कैम्प का आयोजन कराया जा रहा है जिसमें सम्बन्धित गांव के लेखपाल, पंचायत सचिव, पंचायत सहायक एवं कृषक विभाग के कर्मचारी संयुक्त रूप से उपस्थित रहकर अवशेष लाभार्थियों जिनके द्वारा अभी तक फार्मर रजिस्ट्री नही बनवायी गयी है उनकी फार्मर रजिस्ट्री तैयार की जा रही है जिसका निरीक्षण सम्बन्धित विकास खण्ड के खण्ड विकास अधिकारी, समस्त तहसीलदार, उपजिलाधिकारी एवं कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा भी किया जा रहा है। दिनांक 16 फरवरी को कुल 163 गॉवो में कैम्प का आयोजन कराकर 3281 कृषको की फार्मर रजिस्ट्री तैयार करायी गयी । आज दिनांक 17 फरवरी को 154 गॉवो में कैम्प का आयोजन कराया गया है, जिसमें अभी तक 2500 कृषको की फार्मर रजिस्ट्री तैयार करायी गयी है। 18 फरवरी को 153 गॉवो में कैम्प का आयोजन कराया जायेगा। उप कृषि निदेशक



विनोद कुमार यादव द्वारा तहसील लालगंज के ग्राम-धधुआगाजन में कैम्प का निरीक्षण किया गया, जिसमें मौके पर लेखपाल जीतेन्द्र शुक्ला, पंचायत सचिव सोमनाथ तथा सहायक विकास अधिकारी कृषि प्रदीप कुमार, ग्राम प्रधान आशुतोष जायसवाल मौजूद रहे। कैम्प में 19 कृषको की फार्मर रजिस्ट्री तैयार करायी गयी तथा 16 मृतक लाभार्थी चिन्हित किये गये तथा 03 कृषको की खतौनी में मौके पर लेखपाल द्वारा संशोधन कराया गया। कैम्प आयोजन की सूचना संबधित ग्राम प्रधान एवं सचिव द्वारा गॉव के कृषको को पूर्व में ही सूचित कर उन्हे कैम्प आयोजन स्थल पर अपने आधार कार्ड, खतौनी के साथ आने का अनुरोध किया जा रहा है। कृषक भी अधिक संख्या में आकर अपनी फार्मर रजिस्ट्री तैयार करा रहे है। जिलाधिकारी द्वारा कैम्प के माध्यम से ही तत्काल खतौनी में नेम मिसमैच एवं अन्य संशोधन करने हेतु लेखपाल को निर्देशित किया गया है तथा मुख्य विकास अधिकारी द्वारा समस्त पंचायत सचिवो के माध्यम से मृतक लाभार्थियो के मृत्यु प्रमाण पत्र तैयार कराने का निर्देश दिया गया है, जिससे उस परिवार पात्र सदस्यो को पी0एम0किसान योजना का लाभ दिलाया जा सके।

## भूमिधरी जमीन पर मकान निर्माण रोकने का आरोप

**पट्टी।** कोतवाली क्षेत्र के अमुवाही गांव में भूमिधरी जमीन पर मकान निर्माण को लेकर विवाद का मामला सामने आया है। गांव निवासी उर्मिला देवी ने आरोप लगाया है कि दबंग प्रवृत्ति के लोग उनकी निजी जमीन पर मकान नहीं बनने दे रहे हैं। पीड़िता उर्मिला देवी ने मंगलवार दोपहर करीब 12 बजे कोतवाली पहुंचकर पुलिस को शिकायती पत्र सौंपा। उन्होंने बताया कि वह अपनी भूमिधरी जमीन पर मकान का निर्माण करा रही थीं, लेकिन कुछ लोग दबंगई के बल पर निर्माण कार्य को जबरन रुकवा रहे हैं और विरोध करने पर अभद्रता कर रहे हैं। उर्मिला देवी ने पुलिस से सुरक्षा प्रदान करने तथा निर्माण कार्य सुचारु रूप से कराने की मांग की है।इस संबंध में कोतवाल पट्टी आनंदपाल सिंह भदोरिया ने बताया कि मामले में शिकायती पत्र प्राप्त हुआ है। प्रकरण की जांच कराई जा रही है। जांच के आधार पर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल मामले को लेकर गांव में तनाव की स्थिति बनी हुई है।

## गांवो में कैंप लगाकर बनाई जा रही फार्मर आईडी



**कुंडा।** बाबागंज ब्लॉक की ग्राम पंचायत चैरंग में मंगलवार को कृषि विभाग और ग्राम पंचायत विभाग द्वारा संयुक्त रूप से फार्मर रजिस्ट्री कैंप का आयोजन किया गया। कैंप का उद्देश्य गांव के उन किसानों का पंजीकरण करना था, जिनकी फार्मर आईडी अब तक नहीं बन सकी थी। सुबह से ही पंचायत भवन परिसर में किसानों की भीड़ जुटने लगी और विभागीय कर्मचारियों ने क्रमवार सभी का रजिस्ट्रेशन किया। कृषि विभाग से इंद्रेश कुमार तथा पंचायत विभाग से पंचायत सहायक प्रतिमा कोरी ने मिलकर किसानों के आवश्यक दस्तावेजों की जांच करते हुए फार्मर रजिस्ट्री की प्रक्रिया पूरी कराई। अधिकारियों ने किसानों को बताया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि समेत विभिन्न कृषि योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए फार्मर रजिस्ट्री अनिवार्य है। बिना पंजीकरण के भविष्य में सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में कठिनाई हो सकती है। कैंप के दौरान अजय सिंह, सानू सरोज, अरब सिंह, बृजेश सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे। किसानों ने सरकार की इस पहल की सराहना करते हुए समय पर रजिस्ट्रेशन कराने पर संतोष जताया।

## थाने की कमान संभालते ही एक्शन मोड में राकेश चौरसिया

**पट्टी।** आसपुर देवसरा थाने की कमान अब राकेश चौरसिया के हाथों में आ गई है। उन्होंने नए थाना प्रभारी के रूप में कार्यभार ग्रहण कर लिया। थाना प्रभारी के रूप में जिम्मेदारी संभालते ही राकेश चैरसिया ने पुलिस स्टाफ के साथ बैठक कर क्षेत्र की कानून-व्यवस्था की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि क्षेत्र में शांति और सुरक्षा बनाए रखना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि अपराध और अपराधियों के खिलाफ सख्त और प्रभावी कार्रवाई की जाएगी। लापरवाही या कानून व्यवस्था में किसी भी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। नव नियुक्त थाना प्रभारी राकेश चौरसिया ने भरोसा दिलाया कि आमजन की शिकायतों का त्वरित निस्तारण किया जाएगा और पुलिस-जन सहयोग को मजबूत किया जाएगा।स्थानीय लोगों ने भी नए थाना प्रभारी से बेहतर पुलिसिंग, निष्पक्ष कार्रवाई और क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत होने की उम्मीद जताई है।

## मत्स्य पालकों के लिए सुनहरा अवसर, तकनीकी प्रशिक्षण व अंतर्राज्यीय भ्रमण की सुविधा

**प्रतापगढ़।** प्रभारी मुख्य कार्यकारी अधिकारी मत्स्य पालक विकास अभिकरण कमलेश कुमार बौद्ध ने बताया है कि वर्ष 2025-26 में मत्स्य पालकों को सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से मत्स्य पालक कल्याण कोष योजना के अंतर्गत तकनीकी प्रशिक्षण एवं अंतर्राज्यीय भ्रमण कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। यह कार्यक्रम मत्स्य विभाग प्रतापगढ़ द्वारा मत्स्य पालन कार्य एवं मत्स्य व्यवसाय से जुड़े किसानों के लिए शुरू किया गया है। इच्छुक किसान कार्यालय मत्स्य पालक विकास अभिकरण प्रतापगढ़ (कक्ष संख्या 05 भूतल विकास भवन) में किसी भी कार्य दिवस पर संपर्क कर विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। पंजीकरण के लिए किसानों को पासपोर्ट आकार का फोटो, आधार कार्ड की छायाप्रति, जाति प्रमाण पत्र (यदि लागू हो), बैंक पासबुक की छायाप्रति, मत्स्य गतिविधियों से जुड़े होने का प्रमाण पत्र तथा मोबाइल नंबर के साथ उपस्थित होना अनिवार्य है।

## नौ दिवसीय राम कथा के प्रथम दिन निकली भव्य कलश यात्रा



**कुंडा।** बाबागंज ब्लॉक के मछेहा कंधापुर गांव में मंगलवार को नौ दिवसीय श्रीराम कथा का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। प्रथम दिवस पर श्रद्धा और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला। कथा व्यास जीयर स्वामी करपात्री महाराज की अगुवाई में निकली कलश यात्रा पूरे गांव व क्षेत्र में भ्रमण करती हुई कथा स्थल तक पहुंची। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं सिर पर कलश धारण किए मंगल गीत गाती चल रही थीं, वहीं पुरुष श्रद्धालु भी जय श्रीराम के उद्घोष के साथ शामिल हुए। पूरे गांव का माहौल भक्तिमय हो उठा। कथा के प्रथम दिवस में व्यास ने भगवान श्रीराम के आदर्श चरित्र, मयार्दा और जीवन मूल्यों पर प्रकाश डालते हुए श्रद्धालुओं को धर्म और संस्कारों का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य आयोजक नृपेंद्र बहादुर सिंह, वीरेंद्र बहादुर सिंह, सत्येंद्र सिंह एडवोकेट सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## डीजे की दो मशीनें चोरी, नामजद शिकायत दर्ज

**पट्टी।** कोतवाली क्षेत्र के आसपुर देवसरा विकासखंड अंतर्गत बींद गांव निवासी पंकज कुमार प्रजापति ने मंगलवार शाम करीब 5 बजे पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर डीजे की दो मशीनें चोरी होने की शिकायत दर्ज कराई है। पीड़ित के अनुसार चोरी हुई मशीनों की कीमत लगभग 90 हजार रुपये बताई जा रही है। काफी खोजबीन के बाद उन्हें जानकारी मिली कि मशीनें आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के एक युवक के पास हैं। आरोप है कि जब पंकज कुमार मशीन मांगने पहुंचे तो आरोपी ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट के लिए दौड़ा लिया।मामले में पीड़ित ने नामजद शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुई है।

## शिवाला महोत्सव में अवधी गीतों से सजी शाम, रवि के गीतों पर झूमे श्रोता

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** पौराणिक शिवाला मंदिर पूरे ईश्वर नाथ पर आयोजित आठवें शिवाला महोत्सव में पहुंचे देश विदेश में गायकी का डंका बजा कर बेल्हा का गौरव बढ़ाने वाले पार्श्व गायक रवि त्रिपाठी के गीतों पर लोगों जमकर झूमे। उपास्थित लोग भक्तिमय माहौल से ओत-प्रोत हो गये। रवि ने आद्या प्रसाद उन्मत की रचना अउर केका देखाई बेवाई मइया अहय के मोरा तोहरे सेवाई मइया..सुनाया तो उपास्थित लोग भाव विभोर हो उठे।वहीं जमुई खां आजाद की सुप्रसिद्ध अवधी गीत कथरी तोहार गुन उ जानय जे करय गुजारा कथरी में .. सुनाया तो लोग झूम उठे। इसी तरह रवि त्रिपाठी ने पाती सहित कई गीतों



के माध्यम से जनपद की साहित्यिक धरोहरों को याद किया तो लोग भाव विभोर हो कर झूम उठे। महोत्सव में स्थानीय संस्कृति और लोक भाषा का अद्भुत संगम देखने को मिला। पार्श्व गायक रवि त्रिपाठी के महोत्सव में पहुंचते ही आयोजक परमानंद मिश्र व संयोजक शिवेश शुक्ल एवं संरक्षक समाजसेवी रोशन लाल उमरवैश्य, दयाशंकर शुक्ल सहित उपास्थित जनसमूह ने गर्मजोशी से स्वागत सम्मान किया।वही कवियों ने भी अपनी-अपनी रचनाओं से महफिल में चार चांद लगाया।अंत में डॉ0 अवन्तिका पाण्डेय,व्यवसायी अशोक अग्रवाल, गड़वारा रामलीला समिति के अध्यक्ष राजाराम वैश्य,एक्स-रे टेक्नीशियन अखिलेश दूबे, प्रत्यूष पांडेय, प्रदीप शुक्ल, संदीप सहित विभिन्न क्षेत्र की कई अन्य विभूतियों को पार्श्व गायक रवि त्रिपाठी व सदर विधायक राजेंद्र कुमार मौर्य,भाजपा जिला अध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव, अश्वनी सोनी सहित अन्य अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। इस मौके पर प्रमुख रूप से समाजसेवी रोशन लाल उमरवैश्य, विवेक यादव,सीएम शुक्ला, एमआर संघ अध्यक्ष विकल पांडेय, उच्च न्यायालय इलाहाबाद के अधिवक्ता वरुण ओझा, गुरु मणि शुक्ल, राजमणि, भजन गायक राकेश शर्मा, व्यापारी नेता सरदार कुलदीप सिंह, मंगल पाल, राजदेव पाल सहित आदि मौजूद रहे।

## सम्पादकीय

### भारत को कमजोर करने वाला अमेरिकी व्यापार समझौता

**अब** जब भारत ने एक खिड़की खोल दी है तो डेयरी के मामले में अमेरिकी दबाव दूर नहीं होगा बल्कि समय के साथ और बढ़ने की संभावना है। इस आलोक में व्यापार समझौते में यह बयान कि, 'भारत अमेरिकी खाद्य और कृषि उत्पादों के व्यापार के लिए लंबे समय से चली आ रही गैर-टैरिफ बाधाओं को दूर करने के लिए भी सहमत है', उस जाल की प्रकृति को इंगित करता है जिसमें भारत फंसता चला गया है। आप इसे किसी भी तरह से घुमा-फिरा कर देंखे, यह स्पष्ट है कि व्यापार समझौते के बदले में अमेरिका के आदेशों के आगे भारत झुक गया है। यह भारत पर दंडात्मक टैरिफ को तो कम करता है लेकिन देश के दीर्घकालिक हितों को भी दूर करता है। इसके साथ ही लंबे समय से भारत के नीति ढांचे का केंद्रबिंदु रहे बहुप्रतीक्षित रणनीतिक स्वायत्तता से समझौता करता है। यह सच है कि दोनों देशों के बीच पारस्परिक रूप से लाभप्रद व्यापार के संबंध में 'अंतरिम समझौते' के बारे में सारे विवरण ज्ञात नहीं है लेकिन जो कुछ भी मालूम है- जिसमें सौदे के आसपास की परिस्थितियां, इसकी घोषणा का तरीका, संयुक्त बयान की भाषा और व्हाइट हाउस के कार्यकारी आदेश शामिल हैं, इस बात की ओर इशारा करता है कि भारत ने कुछ लंबे समय से चले आ रहे रुख को बदल दिया है और उस हद तक यह दो बराबर के देशों के बीच का समझौता नहीं है।

आपसी सहमति से जारी बयान का समय देखने पर पता चलता है कि अमेरिका साधारण शिष्टाचार पालने की तकलीफ भी नहीं उठाता। ट्रंप ने दोनों देशों द्वारा 6-7 फरवरी को आधिकारिक रिलीज से कुछ दिन पहले दो फरवरी को अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'ट्रूथ सोशल' पर व्यापक समझौते की घोषणा की थी। पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) द्वारा जारी संयुक्त बयान में भारत सरकार की घोषणा पर 7 फरवरी, सुबह 4.29 बजे टाइम स्टैम्प है जो एक अपरंपरागत समय है जिसे अमेरिकी टाईमजोन के अमेरिकी नेतृत्व वाली घोषणा के रूप में प्रस्तुत किया गया था। नेहरू ने कहा था कि 'जब दुनिया सोएगी, तो भारत स्वतंत्रता के लिए जाग जाएगा' तो हम कह सकते हैं कि यह समझौता स्वतंत्रता और आदर्शवाद की उस सुबह के शाब्दिक और रूपक के उलटफेर को चिह्नित करता है क्योंकि जब भारत सो रहा था तब अमेरिका ने एक ऐसा समझौता किया जो भारत के व्यापारिक भागीदार और उस हद तक इसकी स्वतंत्रता, लक्ष्यों, अपनी प्राथमिकताओं को तय करने के अधिकार को छीन लेता है।

फिर भी, राजनयिक बारीकियों के बिना देंखे तो ट्रम्प और अमेरिकी प्रशासन की घोषणा का समय केवल एक गहरे नुकसान की सतही परेशानियों को चिह्नित करते हैं जिसे भारत को समय के साथ स्वीकार करना होगा। अमेरिका के साथ कठिन शर्तों पर की गई गलबहियां, विशेष रूप से खाद्य और कृषि क्षेत्र तक ही सीमित नहीं है बल्कि एक दीर्घकालिक पारिस्थितिकी-प्रणाली परिवर्तन का जोखिम उठाता है जो अपरिवर्तनीय हो सकता है और भारत को एक ऐसे रास्ते पर चलने को मजबूर करता है जो देश को बहुत असहज कर देगा।

# बांग्लादेश में सत्ता परिवर्तन की वैचारिक क्रांति

-: ललित गर्ग:-

**बांग्लादेश** की राजनीति एक बार फिर इतिहास के मोड़ पर खड़ी है। लगभग दो दशकों के लंबे अंतराल के बाद यदि बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) स्पष्ट बहुमत के साथ सत्ता में लौटती है और तारिक रहमान प्रधानमंत्री पद की दावेदारी तक पहुंचते हैं, तो यह केवल सत्ता परिवर्तन नहीं, बल्कि राजनीतिक दिशा परिवर्तन का संकेत होगा। 299 सीटों में से 212 पर विजय का दावा इस बात का प्रमाण है कि मतदाता लंबे समय से चली आ रही अस्थिरता, अंतरिम व्यवस्थाओं और वैचारिक ध्रुवीकरण से बाहर निकलकर एक निर्णायक जनादेश देना चाहता है। छात्र आंदोलन से उपजी नेशनल सिटीजन पार्टी का मात्र छह सीटों पर सिमटना भी इस तथ्य को पुष्ट करता है कि जनभावना प्रयोगधर्मिता से आगे बढ़कर स्थायित्व की ओर झुक रही है। लगभग अठारह महीने से चल रही अंतरिम व्यवस्था के अवसान के साथ बांग्लादेश एक नए अध्याय में प्रवेश करने जा रहा है, पर प्रश्न यह है कि यह अध्याय उदार लोकतंत्र का होगा या किसी नए प्रकार के वैचारिक वर्चस्व का?



बांग्लादेश का इतिहास संघर्ष, त्याग और पहचान की जिजीविषा से निर्मित हुआ है। 1971 के मुक्ति संग्राम में भारत की निर्णायक भूमिका केवल सैन्य सहायता तक सीमित नहीं थी, वह सांस्कृतिक और मानवीय सहयोग का भी प्रतीक थी। परंतु पिछले कुछ वर्षों में राजनीतिक ध्रुवीकरण, कट्टरवादी विमर्श और बाहरी प्रभावों ने उस ऐतिहासिक आत्मीयता पर धुंध डालने का प्रयास किया। अंतरिम सरकार के दौरान जिस प्रकार वैचारिक कठोरता और प्रशासनिक असमंजस दिखा, उसने अर्थव्यवस्था और सामाजिक ताने-बाने दोनों को प्रभावित किया। ऐसे समय में स्पष्ट जनादेश को स्थिरता का अवसर माना जा सकता है, बशर्ते सत्ता इसे प्रतिशोध का माध्यम न बनाए, बल्कि पुनर्निर्माण का औजार बनाए।

तारिक रहमान के सामने सबसे बड़ी चुनौती सांप्रदायिक सौहार्द की पुनर्स्थापना होगी। बांग्लादेश का सामाजिक ढांचा बहुलतावादी है, वहां अल्पसंख्यक समुदायों की सुरक्षा और सम्मान केवल नैतिक दायित्व नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक विश्वसनीयता की कसौटी है। यदि नई सरकार कट्टरवाद से दूरी बनाकर विकासोन्मुखी एजेंडा अपनाती है, तो वह न केवल आंतरिक स्थिरता ला सकती है, बल्कि दक्षिण एशिया में एक सकारात्मक उदाहरण भी प्रस्तुत कर सकती है। पर यदि चुनावी विजय को वैचारिक वर्चस्व के रूप में प्रस्तुत किया गया, तो यह जनादेश अवसर से अधिक संकट में बदल सकता है।

आर्थिक मोर्चे पर बांग्लादेश ने पिछले दशक में उल्लेखनीय प्रगति की थी। वस्त्र उद्योग, निर्यात वृद्धि और महिला सशक्तिकरण जैसे क्षेत्रों में उसने मिसाल कायम की। किंतु राजनीतिक अस्थिरता और नीतिगत अनिश्चितता ने निवेशकों के विश्वास को झटका दिया। अब नई सरकार के लिए यह अनिवार्य है कि वह आर्थिक सुधारों को गति दे, रोजगार सृजन पर ध्यान केंद्रित करे और विदेशी निवेश के लिए अनुकूल वातावरण बनाए। विकास की ह्लनई गंगाह्व तभी बहेगी जब शासन पारदर्शी, जवाबदेह और समावेशी होगा। केवल नारे या राष्ट्रवाद की तीखी ध्वनियां आर्थिक संकट का समाधान नहीं बन सकतीं।

भारत-बांग्लादेश संबंध इस चुनाव के सबसे महत्वपूर्ण आयामों में से एक हैं। दोनों देशों के बीच साझा इतिहास, सांस्कृतिक निकटता और आर्थिक परस्परता है। सीमा प्रबंधन, जल बंटवारा, व्यापार और सुरक्षा सहयोग जैसे मुद्दे परस्पर विश्वास से ही सुलझ सकते हैं। हाल के वर्षों में पाकिस्तान के साथ बढ़ती निकटता और भारत के प्रति संदेहपूर्ण बयानबाजी ने संबंधों में अनावश्यक तनाव पैदा किया। यदि नई सरकार क्षेत्रीय संतुलन की नीति अपनाते हुए भारत के साथ सौहार्दपूर्ण संवाद पुनः स्थापित करती है, तो यह दोनों देशों के हित में होगा। भारत ने बांग्लादेश के निर्माण और विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, उस ऐतिहासिक साझेदारी को भावनात्मक नहीं, व्यावहारिक आधार पर पुनर्जीवित करने की आवश्यकता है।

यह भी ध्यान रखना होगा कि दक्षिण एशिया की राजनीति अब केवल द्विपक्षीय समीकरणों तक सीमित नहीं है। चीन की बढ़ती उपस्थिति, अमेरिका की रणनीतिक रुचि और पाकिस्तान की पारंपरिक भूमिका-इन सबके बीच बांग्लादेश को संतुलित कूटनीति अपनानी होगी। यदि नई सरकार वैचारिक आग्रहों से ऊपर उठकर राष्ट्रीय हित को सर्वोपरि रखती है, तो वह क्षेत्रीय शक्ति संतुलन में एक परिपक्व भूमिका निभा सकती है। परंतु यदि विदेश नीति घरेलू राजनीति का विस्तार बन गई, तो अस्थिरता का चक्र फिर दोहराया जा सकता है।

इस चुनाव का एक और महत्वपूर्ण संकेत यह है कि बांग्लादेश का मतदाता अब निर्णायकता चाहता है। लंबे समय तक आंदोलन, विरोध और अंतरिम प्रयोगों से थका समाज स्थिर शासन की आकांक्षा रखता है। किंतु स्थिरता केवल बहुमत से नहीं आतीय वह संस्थाओं की मजबूती, न्यायपालिका की स्वतंत्रता और मीडिया की स्वायत्तता से आती है। नई सरकार को यह समझना होगा कि लोकतंत्र केवल चुनाव जीतने का नाम नहीं, बल्कि असहमति को सम्मान देने की संस्कृति का नाम है। यदि विपक्ष को हाशिये पर धकेला गया या आलोचना को देशविरोध का रूप दिया गया, तो लोकतांत्रिक ऊर्जा क्षीण हो जाएगी।

बांग्लादेश के लिए यह क्षण आत्ममंथन का भी है। क्या वह अपनी पहचान को केवल धार्मिक राष्ट्रवाद तक सीमित करेगा, या भाषा, संस्कृति और बहुलता की उस विरासत को आगे बढ़ाएगा जिसने उसे जन्म दिया? मुक्ति संग्राम की मूल भावना सामाजिक न्याय और समान अवसर की थी। यदि नई सत्ता उस भावना को पुनर्जीवित करती है, तो यह जनादेश ऐतिहासिक सिद्ध होगा। अन्यथा यह अवसर भी इतिहास की एक और चूकी हुई संभावना बन सकता है।

भारत की दृष्टि से भी यह चुनाव महत्वपूर्ण है। नई दिल्ली को प्रतिक्रिया में उतावलापन नहीं, बल्कि धैर्य और कूटनीतिक परिपक्वता दिखानी होगी। पड़ोसी देश की संप्रभुता और जनादेश का सम्मान करते हुए सहयोग का हाथ बढ़ाना ही दीर्घकालिक हित में है। सीमा पार आतंकवाद, अवैध घुसपैठ और तस्करी जैसे मुद्दों पर सख्ती के साथ-साथ आर्थिक और सांस्कृतिक संवाद को भी सुदृढ़ करना होगा। संबंधों में भावनात्मकता के बजाय व्यावहारिकता और पारस्परिक सम्मान की नींव आवश्यक है।

अंततः यह चुनाव बांग्लादेश के लिए निर्णायक इसलिए है क्योंकि यह केवल सरकार बदलने का अवसर नहीं, बल्कि शासन की शैली और राष्ट्रीय दिशा तय करने का क्षण है। यदि नई सरकार कट्टरवाद से मुक्त, समावेशी और विकासोन्मुखी नीति अपनाती है, तो वह बांग्लादेश को स्थिरता और समृद्धि के पथ पर अग्रसर कर सकती है। परंतु यदि वह अतीत की कटु स्मृतियों और वैचारिक आग्रहों में उलझी रही, तो जनादेश की सार्थकता संदिग्ध हो जाएगी। बांग्लादेश को अब नई संभावनाओं, नई सोच और नए संकल्पों के साथ आगे बढ़ना है। यही इस चुनाव का संदेश है और यही उसकी वास्तविक परीक्षा भी।

# लोकसभा अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव और निष्पक्षता का खत्म होना

टी एन अशोक

**लोकसभा** अध्यक्ष का पद सिर्फ बहुमत पर नहीं, बल्कि भरोसे पर चलता है। अगर विपक्ष को सुरक्षा के लिए खतरा माना जाता है, तो एक काम करने वाली विधायिका के लिए जरूरी 'पारस्परिक भरोसे' की बुनियाद ही खत्म हो जाती है। जब सदन दोबारा शुरू होता है, तो हथौड़ा अभी भी डेस्क पर लग सकता है, लेकिन उससे जो आवाज आती है वह और ज्यादा खोखली होती जाती है।



भारत के संसद, जो लंबे समय से जोरदार बहस और कभी-कभी हंगामे का मैदान रहा है, अब एक ऐसे युद्ध के मैदान में बदल गया है जहां 'निष्पक्ष अंपायर' की अवधारणा ही खतरे में है। हाल ही में लगभग 120 विपक्षी सांसदों द्वारा लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला के खिलाफ अविश्वास पेश करना सिर्फ एक प्रक्रिया से जुड़ी झड़प नहीं है, बल्कि यह एक ढांचागत दरार है। लोकसभा अध्यक्ष के इस दावे, जैसा पहले कभी नहीं हुआ,से शुरू हुए विवाद कि गुप्तचर सूचना से पता चला है कि विपक्षी सांसद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 'घेरने' की योजना बना रहे थे, स्वयं में एक ऐसी घटना है जो कार्यपालिका की सुरक्षा, विधायिका के विशेषाधिकार, और संसदीय स्वतंत्रता के क्रमबद्ध तरीके से खत्म होने के खतरनाक मेल को उजागर करती है।

इस 'संसदीय तूफान' के केन्द्र में एक ऐसा दावा है जो एक ऐसे परिकल्पित राज्य या समाज की ओर इंगित करता है जहां लोग अन्याय से पीड़ित हैं। लोकसभा अध्यक्ष बिड़ला का यह सार्वजनिक दावा कि चुने हुए प्रतिनिधियों की रुकावट डालने वाली चालों की वजह से प्रधानमंत्री का सदन से गैरहाजिर रहना जरूरी हो गया था, भारतीय विधायिका के इतिहास में एक अहम मोड़ है।

परम्परा से लोकसभा अध्यक्ष सदन के अभिभावक होते हैं, जो कार्यपालिका के दखल से सांसदों के अधिकारों की रक्षा करते हैं। राष्ट्रपति के अभिभाषण पर एक जरूरी बहस से प्रधानमंत्री के गैरहाजिर रहने को सही ठहराने के लिए गुप्तचर सूचना का हवाला देकर, लोकसभा अध्यक्ष ने असल में पटकथा को पलट दिया है। वह सांसदों के रक्षक से 'सरकार की ढाल' बन गए हैं।

नजारा कड़वा है: पीठासीन अधिकारी, जिसे सदन के अंदर आखिरी अधिकारी होना चाहिए, अब सुरक्षा एजेंसियों के लिए एक बिचौलिए के तौर पर काम कर रहे हैं। इस कदम से पता चलता है कि स्पेशल प्रोटेक्शन ग्रुप (एसपीजी) और इंटेलिजेंस ब्यूरो अब स्पीकर की कुर्सी पर एक प्रॉक्सी सीट रखते हैं। अगर प्रधानमंत्री, जो देश के सबसे ताकतवर आदमी हैं, देश के सबसे सुरक्षित भवन के अंदर लोगों के चुने हुए प्रतिनिधियों का सामना नहीं कर सकते, तो यह या तो सुरक्षा व्यवस्था की एक बड़ी नाकामी का इशारा है या एक आसान राजनीतिक पलायन की रणनीति का।

इस विवाद को और ज्यादा जहरीला बनाया गुमनाम एप्सटीन फाइलों के वायरल होने ने, जिसमें विपक्ष के सांसदों को जोड़ा गया था, जो अजीब कपड़े फाड़ने की साजिश थी। हालांकि सरकार ने इन्हें 'एआई से बनी चालें' कहकर खारिज कर दिया, लेकिन असली नुकसान संस्थागत ताने-बाने को हुआ। जब लोकसभा अध्यक्ष की आधिकारिक बातें इंटरनेट पर टांग खींचने वाले सनसनीखेज बातों जैसी होती हैं- यह इशारा करते हुए कि महिला सांसद सुरक्षा के लिए खतरा हैं- तो सदन की इज्जत न सिर्फ.कम होती है; बल्कि वह जलकर राख हो जाती है।

संसदीय विरोध को एक शारीरिक खतरे के तौर पर दिखाकर, सत्ताधारी सरकार, लोकसभा अध्यक्ष के कार्यालय के जरिए, विपक्ष के असली मतलब को ही गलत साबित करने की कोशिश कर रही है। लोकतंत्र में, 'घेराव', नारे लगाना और वॉकआउट उन लोगों के हथियार हैं जिन्हें वोट नहीं दिया जाता। इन पर 'कानून व्यवस्था के जोखिम' के तौर पर छाप लगाना संसद को साफ-सुथरा बनाने और इसे एक एकल संस्कृति की गूंज वाले सदन में बदलने की एक सोची-समझी चाल है, जहां कार्यपालिका को कभी असहजता महसूस न हो।

लोकसभा अध्यक्ष के कामों का तकनीकी बचाव अक्सर संविधान की चुप्पी में चला जाता है। जबकि अनुच्छेद 118 सदन को अपने नियम बनाने की इजाजत देता है, ऐसा कोई साफ प्रावधान नहीं है जो लोकसभा अध्यक्ष को 'गुप्तचर सूचना' के आधार पर प्रधानमंत्री को सत्र छोड़ने की सलाह देने का अधिकार दे। यह एक अस्पष्ट संवैधानिक 'ग्रे जोन' में आता है।

हालांकि, संवैधानिक नैतिकता सिर्फ. लिखी हुई बातों के बारे में नहीं है, बल्कि जो व्यवहार में किया जाता है, उसके बारे में है। लोकसभा अध्यक्ष का अधिकार निष्पक्षता की सोच पर टिका होता है। जब उस सोच को पार्टी की सुविधा के लिए बदल दिया जाता है, तो यह पद अपना नैतिक वजन खो देता है।

# विविधता की खेती का जवाब नहीं

– बाबा मायाराम

**विविधता** की खेती हर दृष्टि से उपयोगी है। यह परंपरागत खेती खाद्य सुरक्षा, मिट्टी-पानी के संरक्षण, पशुपालन में मददगार, जैवविविधता व पर्यावरण का संरक्षण सभी दृष्टियों से महत्वपूर्ण है। जलवायु बदलाव के दौर में यह और भी उपयोगी है, अगर एक फसल कमजोर होती है, तो दूसरी से मदद मिल जाती है। प्रकृति में सहअस्तित्व का भी यह बहुत ही अच्छा तरीका माना जा सकता है।



इन दिनों खेतों में रबी की फसलें लहलहा रही हैं। हरे-भरे खेत हैं। मुझे याद आ रही है, सतपुड़ा अंचल की, जहां एक जमाने में चने की खेती बहुतायत में होती थी। चना, बिना सिंचाई या बहुत कम पानी की फसल है, जिसे किसान उगाते थे। आज जब खेती का अभूतपूर्व संकट है, तब ऐसी देसी खेती को याद जरूरी है, जिसमें कम पानी, कम लागत और मिट्टी की उर्वरता बनी रहे। इसी प्रकार, सतपुड़ा अंचल में मिश्रित खेती की एक पद्धति है उतेरा, जिसमें कई फसलें एक साथ बोते हैं। आज इस कॉलम में इस पर बात करना चाहूंगा, जिससे खेती को समग्रता में समझा जा सके।

नर्मदापुरम जिला ( पूर्व में होशंगाबाद जिला) भौगोलिक रूप से दो भागों में बंटा है। एक है सतपुड़ा की जंगल पट्टी। दूसरा है नर्मदा का कछार। नर्मदा कछार मैदानी इलाका है, जहां अच्छी उपजाऊ मिट्टी है। जंगल पट्टी में प्रायः सूखी और असिंचित खेती होती है। जबकि नर्मदा के कछार में तवा की नहरें हैं। कछार की जमीन काफी उपजाऊ मानी जाती है। यही काली मिट्टी की जमीन में चना अच्छा होता है।

बिना सिंचाई के चना की खेती होती है। दीपावली के समय बारिश की नमी में ही चना को बोया जाता है, और होली के पूर्व ही चना कटाई हो जाती है। मुझे याद है, मैं अपने परिवारजनों के साथ खेत में चना का होउरा ( भुना चना) खाने के लिए जाया करता था। कई बार मेहमानों व अतिथियों को भी चना का होउरा खिलाने खेत भी ले जाते थे। यह अतिथियों का आत्मीय स्वागत करने का भी एक तरीका होता था। होउरा को भूनकर रख लिया जाता था, और जब भी जरूरत होती थी, उसे खाते थे। यह एक तरह का ड्राई फूड होता था।

हमारे यहां गेहूं और चना दोनों को मिलाकर आटा पिसाने का चलन है। इसे बिर्रा कहते थे। इसकी रोटी बहुत ही पसंद की जाती हैं। यह रोटी बिना सब्जी की भी बहुत अच्छी लगती है। बुजुर्ग लोगों को बिर्रा की रोटी आज भी याद है। चने का सत्तू तो बहुत प्रचलन में था। सत्तू में गुड़ मिलाकर खाते थे। इसे यात्राओं में या गर्मी के दिनों में बड़े चाव से खाया जाता था। यह भी ड्राई फूड का एक प्रकार है।

देशी बीजों के जानकार व पदमश्री से सम्मानित बाबूलाल दाहिया बताते हैं कि चने की भाजी बहुत अच्छी स्वादिष्ट होती है। इसकी सब्जी बनाई जाती है, और इसकी कोपलों को ऐसे ही अचार के साथ भी खाया जाता है।

जब चने में भरे दाने हो जाते हैं, तो होउरा ( भुना हरा चना) भी भूनकर खाते हैं। इस तरह ज्वार की रोटी और कोदो के चावल के साथ 3 माह तक चने की भाजी खाई जाती थी। चना के दाने भरे होने पर भी इसकी सब्जी बनाई जाती है। चना की दाल और बेसन से तो कई व्यंजन बनाए जाते हैं। सतपुड़ा की जंगल पट्टी में परंपरागत खेती की पद्धति प्रचलित है जिसे उतेरा कहा जाता है। यह छत्तीसगढ़ की उतेरा पद्धति से भिन्न है। यह मिश्रित पद्धति की खेती है।

## मुहम्मदाबाद यूसुफपुर में स्वच्छता की नई पहल, कूड़ा वाहनों को दिखाई गई हरी झंडी

अखंड भारत संदेश

**गाजीपुर। जनपद** के मुहम्मदाबाद अंतर्गत नगर को स्वच्छ, सुंदर और सुव्यवस्थित बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए स्थानीय नगर निकाय ने विशेष सफाई अभियान का शुभारंभ किया। अभियान की अगुवाई अधिशासी अधिकारी रविंद्र मोहन और नगर पालिका अध्यक्ष रईस अहमद ने संयुक्त रूप से की।



कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने कूड़ा संग्रहण वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर नगर पालिका के कर्मचारी, जनप्रतिनिधि और कई सम्मानित नागरिक मौजूद रहे। अधिकारियों ने अपने संबोधन में कहा कि स्वच्छता केवल प्रशासनिक दायित्व नहीं, बल्कि हर नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है।

उन्होंने जानकारी दी कि नगर में सफाई व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए विशेष कार्ययोजना तैयार की गई है।

## जोश और जज्बे के साथ वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता 2026 का शुभारंभ

अखंड भारत संदेश

**गाजीपुर। जनपद** के मुहम्मदाबाद यूसुफपुर राजकीय शहीद स्मारक महाविद्यालय में 22वीं द्विदिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिताझ2026 का शुभारंभ उत्साहपूर्ण एवं गरिमामय वातावरण में किया गया। महाविद्यालय परिसर खेल प्रेमी विद्यार्थियों की ऊर्जा, उमंग और प्रतिस्पर्धात्मक भावना से सराबोर नजर आया। मैदान में चारों ओर जोश, अनुशासन और खेल भावना का प्रेरक दृश्य देखने को मिला।





कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में कासिमाबाद के क्षेत्राधिकारी अभिनव राजश्री उपस्थित रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में कोतवाली प्रभारी राजेश त्रिपाठी ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। अतिथियों का स्वागत पारंपरिक तरीके से पुष्पगुच्छ भेंट कर किया गया, जिसके बाद खेल मशाल प्रज्वलित कर प्रतियोगिताओं का औपचारिक शुभारंभ हुआ।

कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ अधिवक्ता कृष्णानंद राय ने प्रभावशाली और सधे हुए अंदाज में किया। समारोह की अध्यक्षता महाविद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य विमल कुमार राय ने की।

अपने संबोधन में मुख्य अतिथि ने कहा कि खेल विद्यार्थियों के जीवन में अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम भावना का संचार करते हैं। उन्होंने प्रतिभागियों को खेल भावना के साथ प्रतिस्पर्धा करने और हार-जीत को समान भाव से स्वीकार करने की प्रेरणा दी। विशिष्ट अतिथि ने भी छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल गतिविधियां युवाओं को शारीरिक रूप से सशक्त और मानसिक रूप से दृढ़ बनाती हैं।

पहले दिन आयोजित प्रतियोगिताओं में दौड़, लंबी कूद, गोला फेंक सहित विभिन्न एथलेटिक्स स्पधाएं संपन्न हुईं। छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों का दर्शकों ने तालियों की गूंज से अभिनंदन किया।

# सचल दल और कंट्रोल रूम के साए में शुरू होंगी हाईस्कूल-इंटर परीक्षाएं

- 40 केंद्रों पर प्रशासन एलर्ट
- बोर्ड परीक्षा का महासंग्राम आज से

**अखंड भारत संदेश**


नकल विहीन परीक्षा कराने को बैठक में मौजूद शिक्षकगण

**चित्रकूट।** जिले में कल से शुरू हो रही उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षाएं इस बार सख्ती, सतर्कता और पारदर्शिता के नए मानक गढ़ने जा रही हैं। जनपद के 40 परीक्षा केंद्रों पर कड़ी निगरानी के बीच परीक्षा आयोजन की तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच चुकी हैं। प्रशासन ने साफ संकेत दे दिए हैं कि इस बार नकल माफिया के लिए कोई जगह नहीं होगी। परीक्षा केंद्रों पर केंद्र व्यवस्थापकों ने कक्ष निरीक्षकों और शिक्षकों के साथ बैठक कर बोर्ड के दिशा-निर्देशों की बारीकियों से जानकारी साझा की है और हर स्थिति में सतर्क रहने के निर्देश दिए हैं। जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि शासन की मंशा के अनुरूप परीक्षाएं पूरी तरह नकलविहीन और शांतिपूर्ण कराई जाएं। उन्होंने चेतावनी दी कि लापरवाही या मिलीभगत की किसी भी आशंका पर कठोर कार्रवाई तय है। वहीं जिला विद्यालय निरीक्षक रविशंकर ने बताया कि सचल दल गठित कर दिए गए हैं, जो अचानक निरीक्षण कर स्थिति पर नजर रखेंगे। इसके अतिरिक्त डीआईओएस कार्यालय में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है, जहां से हर केंद्र की गतिविधियों की मॉनिटरिंग की जाएगी। प्रशासनिक सख्ती के इस माहौल में छात्र-छात्राओं के सामने अब सिर्फ मेहनत ही सबसे बड़ा सहारा है। चित्रकूट में बोर्ड परीक्षा का यह महाअभियान व्यवस्था की परीक्षा भी है और भविष्य की नींव भी।

### चित्रकूट इंटर कॉलेज में बोर्ड परीक्षा को लेकर तैयारियां पूरी

चित्रकूट इंटर कॉलेज कर्वी में केंद्र व्यवस्थापक डॉ रणवीर सिंह चौहान ने सभी कक्ष निरीक्षकों की बैठक लेकर परीक्षा संचालन की रूपरेखा स्पष्ट कर दी है। बैठक में बोर्ड के दिशा-निर्देशों की विस्तार से जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि परीक्षा को सुव्यवस्थित, शांतिपूर्ण और नकलविहीन ढंग से संपन्न कराना सर्वोच्च प्राथमिकता है। केंद्र पर बैठने की समुचित व्यवस्था कर ली गई है, कक्ष निर्धारित कर सीटिंग प्लान के अनुसार रोल नंबर चस्पा कर दिए गए हैं, ताकि किसी प्रकार की अव्यवस्था की गुंजाइश न रहे। नकल पर अंकुश लगाने के लिए सचल दल गठित किए गए हैं, जो विभिन्न केंद्रों का औचक निरीक्षण करेंगे। प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार सभी परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त सुरक्षा बल तैनात रहेंगे और केंद्रों के आसपास अनावश्यक भीड़ को रोकने के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं। जनपद में पारदर्शी और निष्पक्ष परीक्षा कराने को लेकर प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में है।

## बंदरों के आतंक पर वन विभाग का वार, बंदर प्रकोप से निपटने को चित्रकूट में खास प्रशिक्षण अभियान

- प्रसिद्धपुर बनेगा मंकी मिशन का केंद्र
- ग्रामीणों को मिलेगा प्रशिक्षण व पारिश्रमिक
- बंदर पकड़ो, रोजगार पाओ

**चित्रकूट।** जनपद में बढ़ते बंदर प्रकोप पर अब प्रशासन ने सीधी कार्रवाई का बिगुल फूंक दिया है। रानीपुर टाइगर रिजर्व के उप निदेशक एवं प्रभागीय वनाधिकारी चित्रकूट प्रत्यूष कुमार कटियार ने सभी खंड विकास अधिकारियों को सख्त निर्देश जारी करते हुए स्पष्ट किया है कि जिन ग्राम पंचायतों में बंदरों की समस्या अधिक है, वहां से चयनित लोगों को विशेष प्रशिक्षण दिलाया जाए। यह प्रशिक्षण 18 फरवरी को अपराह्न 12 बजे विकासखंड पहाड़ी के ग्राम प्रसिद्धपुर में आयोजित किया जाएगा। निर्देश दिए गए हैं कि समस्या से ग्रसित ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधान स्वयं उपस्थित रहकर अपने-अपने राजस्व गांवों से दो-दो कर्मचारियों को नामित करें। जिन गांवों में बंदरों का आतंक अधिक है, वहां से दो इच्छुक ग्रामीणों को भी प्रशिक्षण में शामिल किया जाएगा। वनाधिकारी ने स्पष्ट किया कि भविष्य में जब बंदर पकड़ने का अभियान चलेगा, तो प्रशिक्षित ग्रामीणों को इसमें शामिल किया जाएगा और प्रत्येक बंदर पकड़ने पर निर्धारित धनराशि दी जाएगी, जिससे स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन भी होगा और समस्या से राहत भी मिलेगी। साथ ही यह भी सुनिश्चित करने को कहा गया है कि पांचों विकासखंडों के एडीओ पंचायत प्रशिक्षण के दौरान उपस्थित रहें, ताकि अभियान प्रभावी और पारदर्शी ढंग से संचालित हो सके।

## कृषि विभाग की बड़ी अपील, फार्मर आईडी से खुलेगा सुविधाओं का द्वार

**चित्रकूट।** कृषि विभाग ने जनपद के समस्त किसानों से अपील की है कि वे शीघ्र अपनी विशिष्ट किसान पहचान संख्या (फार्मर आईडी) बनवा लें, ताकि हर किसान की पहचान सुरक्षित और प्रमाणित हो सके। इस फार्मर आईडी के माध्यम से कृषि उत्पादों का सुगम वितरण, राज्य सरकार की योजनाओं का समयबद्ध लाभ और केसीसी कृषि ऋण का त्वरित स्वीकृति सुनिश्चित की जाएगी। विभाग का कहना है कि डिजिटल पंजीकरण से पारदर्शिता बढ़ेगी और फजीवाड़े पर रोक लगेगी। किसान अपने मोबाइल पर फार्मर रजिस्ट्री किसान ऐप के जरिए या किसी भी जनसेवा केंद्र पर जाकर पंजीकरण करा सकते हैं। इसके लिए आधार कार्ड और खसरा-खतौनी की प्रति अनिवार्य होगी। कृषि विभाग ने स्पष्ट किया है कि यह पहल किसानों को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने की दिशा में बड़ा कदम है।

## 1.26 लाख पद खाली, फिर भी भर्ती नहीं, मधुशालाएँ खुल रहीं, स्कूल बंद क्यों? सदन में गरजे चित्रकूट सदर विधायक

- विधानसभा में शिक्षा पर संग्राम
- अनिल प्रधान ने सरकार को घेरा



**चित्रकूट।** उत्तर प्रदेश विधानसभा के प्रथम सत्र 2026 के पहले मंगलवार को चित्रकूट सदर विधायक अनिल प्रधान ने सदन में शिक्षा व्यवस्था को लेकर सरकार पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि पिछले चार वर्षों से मंत्री सिर्फ रटा-रटाया जवाब दे रहे हैं-कभी 1,26,000, कभी 85,000 तो कभी 51,112 पद रिक्त बताए जाते हैं, लेकिन भर्ती प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ती। गांवों में परिषदीय विद्यालय बंद या मर्ज किए जा रहे हैं, जबकि मधुशालाएँ गांव-गांव खुल सकती हैं, पर विद्यालय नहीं- यह टिप्पणी सदन में गूंजती रही। उन्होंने 20-25 लाख डीएलएड और टेट-सीटेट उत्तीर्ण युवाओं की पीड़ा उठाई, जो भर्ती न निकलने से दूसरे राज्यों की ओर पलायन कर रहे हैं, साथ ही 69,000 शिक्षक भर्ती में आरक्षण घोटाले का मुद्दा भी दोहराया। महोबा में मिड-डे मील में दस लीटर पानी में एक लीटर दूध मिलाने की घटना पर उन्होंने कार्रवाई की मांग की। जर्जर स्कूल भवन, एक शिक्षक के भरोसे चल रहे विद्यालय और शिक्षकों को गैर-शैक्षणिक कार्यों में झोंकने पर भी सवाल उठाए। एनसीटीई गाइडलाइन से नियुक्त पुराने शिक्षकों पर सुप्रीम कोर्ट के टेट अनिवार्यता निर्णय के संदर्भ में सरकार से न्यायालय में पक्ष रखने की मांग की। साथ ही शिक्षामित्रों व अनुदेशकों का मानदेय 30,000 रुपये करने, नई भर्ती निकालने, चित्रकूट की कई ग्राम पंचायतों में राजकीय हाईस्कूल/इंटर कॉलेज खोलने और शिवरामपुर में सीसी रोड व नाली निर्माण की याचिका भी प्रस्तुत की। सदन में उठे इन सवालों ने सरकार की शिक्षा नीति को कठघरे में खड़ा कर दिया।

## जेल से अस्पताल तक- विचाराधीन बंदी कल्लू की मौत पर मजिस्ट्रियल जांच शुरू

**चित्रकूट।** जिला कारागार चित्रकूट में निरुद्ध विचाराधीन बंदी कल्लू पुत्र नोहर (57) निवासी करछना, प्रयागराज की उपचार के दौरान 12 अक्टूबर 2025 को सुबह 11:55 बजे स्वरूपरानी नेहरू चिकित्सालय, प्रयागराज में मृत्यु हो जाने के बाद प्रशासनिक हलकों में हलचल तेज हो गई है। इस प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए नियमानुसार मजिस्ट्रियल जांच के आदेश जारी किए गए हैं और ज्वाइंट मजिस्ट्रेट-उप जिला मजिस्ट्रेट सदर कर्वी को जांच अधिकारी नामित किया गया है। अब बंदी की मौत के वास्तविक कारणों की परतें खोली जाएंगी और हर पहलू की पड़ताल होगी। उप जिला मजिस्ट्रेट कार्यालय, कर्वी द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया गया है कि यदि किसी व्यक्ति के पास इस घटना से संबंधित कोई साक्ष्य, तथ्य या प्रत्यक्ष जानकारी हो तो वह 25 फरवरी तक किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय पहुंचकर अपना बयान दर्ज करा सकता है। प्रशासन ने स्पष्ट दावा किया है कि निष्पक्ष और पारदर्शी जांच सुनिश्चित की जाएगी, ताकि सच्चाई सामने आ सके।

## जयपुर से गूंजा भारत विस्तार, अब एआई बताएगा खेत से बाजार तक का रास्ता

**अखंड भारत संदेश**


भारत विस्तार डिजिटल प्लेटफॉर्म के प्रसारण को सुनते किसान

**चित्रकूट।** मझगवां स्थित दीनदयाल शोध संस्थान-कृषि विज्ञान केंद्र, सतना में उस समय तकनीकी क्रांति का साक्षी बना जब जयपुर से केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा लॉन्च किए गए भारत विस्तार एआई आधारित डिजिटल प्लेटफॉर्म का सीधा प्रसारण 76 महिला एवं पुरुष किसानों ने एक साथ देखा। यह बहुभाषी एआई टूल एग्री-स्टैक पोर्टल और इंडियन काउंसिल आफ एग्रीकल्चरल रिसर्च (आईसीएआर) की कृषि पद्धतियों को एकीकृत कर किसानों को बीज से बाजार तक की समग्र जानकारी एक ही मंच पर उपलब्ध कराएगा। केवीके के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ नवीन कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में विशेषज्ञों ने बताया कि यह ऐप खेत के अनुसार सटीक सलाह, रियल-टाइम मौसम अपडेट, बुवाई-सिंचाई-कटाई का सही समय, कीट व रोग नियंत्रण के उपाय तथा बाजार भाव और सरकारी योजनाओं की जानकारी तुरंत उपलब्ध कराएगा। अब किसान अपने मोबाइल या कंप्यूटर से क्षेत्रीय भाषा में वैज्ञानिक सलाह ले सकेंगे। भारत विस्तार छोटे और मंझोले किसानों के लिए डिजिटल संबल बनकर न केवल पैदावार बढ़ाएगा बल्कि गलत निर्णयों की आशंका कम कर उनकी आय में भी उल्लेखनीय वृद्धि का मार्ग प्रशस्त करेगा।

## मतदाता सूची पर सियासी नजर- चित्रकूट/मानिकपुर में दावे-आपत्तियों की साप्ताहिक समीक्षा शुरू


समीक्षा बैठक में मौजूद विभिन्न राजनीतिक दल के सदस्य

**चित्रकूट।** जनपद में लोकतंत्र की नींव को और मजबूत करने की कवायद तेज हो गई है। अपर जिलाधिकारी (वि/रा)/उप जिला निर्वाचन अधिकारी चन्द्र शेखर ने बताया कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश लखनऊ के निर्देशों के क्रम में 01 जनवरी 2026 को अर्हता तिथि मानते हुए विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के दौरान प्राप्त दावे और आपत्तियों की साप्ताहिक सूची प्रत्येक सोमवार को मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनीतिक दलों को उपलब्ध कराई जाएगी। इसी क्रम में विधानसभा क्षेत्र 236-चित्रकूट और 237-मानिकपुर के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों ने 16 फरवरी 2026 को राजनीतिक दलों के साथ बैठक कर दावेद्दआपत्तियों की सूची साझा की और सहयोग का आह्वान किया। प्रशासन का स्पष्ट संदेश है कि मतदाता सूची की शुचिता और पारदर्शिता में किसी प्रकार की चूक बर्दाश्त नहीं होगी, ताकि आगामी चुनाव निष्पक्ष और विश्वसनीय बन सकें।

### पैसुनी के कहर से पलायन को मजबूर सौ परिवार पूरे गांव पर मंडराया विनाश का साया

**चित्रकूट।** विकासखंड पहाड़ी के ग्राम अरछा बरेठी में पैसुनी नदी का लगातार बढ़ता कटान अब महज प्राकृतिक आपदा नहीं, बल्कि पूरे गांव के अस्तित्व पर मंडराता हुआ विनाश का संकेत बन चुका है। बाढ़ और कटान से टूटती बस्ती को बचाने के लिए ग्रामीणों ने समाजसेवी शंकर यादव के नेतृत्व में जिलाधिकारी पुलकित गर्ग को प्रार्थना पत्र सौंपकर तत्काल कटानरोधी कार्य की मांग की। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिलाधिकारी ने सिंचाई विभाग को मौके पर जांच कर विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। आदेश के क्रम में अधिशासी अभियंता एसके प्रसाद और अवर अभियंता जयप्रकाश ने गांव पहुंचकर नदी किनारे बसे घरों का स्थलीय निरीक्षण किया और ग्रामीणों से संवाद कर वास्तविक स्थिति का आकलन किया। पूर्व प्रधान सुमेर सिंह ने बताया कि हर वर्ष उफनती पैसुनी के साथ कटान तेज हो जाता है और अब तक करीब 50 परिवारों के मकान जमींदोज हो चुके हैं। निषाद, चौकीदार, राजपूत, प्रजापति और अनुसूचित जाति समुदाय के लगभग एक सैकड़ा लोग पलायन को मजबूर हुए हैं। किसानों की उपजाऊ जमीन और खड़ी फसलें भी हर साल नदी में समा रही हैं। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र ठोस सुरक्षात्मक कार्य नहीं हुआ तो शेष बस्ती भी नदी की भेंट चढ़ सकती है। फिलहाल पूरे गांव की निगाहें प्रशासनिक कार्रवाई पर टिकी हैं, क्योंकि आने वाला मानसून हालात को और भयावह बना सकता है।

### 1.76 करोड़ की योजना में नई ऊर्जा, शासन ने जारी की 86 लाख की दूसरी किस्त

**चित्रकूट।** जनपद में पेयजल व्यवस्था को नई मजबूती देने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में संचालित पेयजल व्यवस्था सुदृढ़ीकरण योजना के तहत नगर पालिका परिषद, चित्रकूटधाम कर्वी को शासन द्वारा स्वीकृत धनराशि की द्वितीय किस्त जारी कर दी गई है। पूर्व में प्रदत्त प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति, जीएसटी सहित कुल 1,76,85,000 रुपए के सापेक्ष अब 86,85,000 रुपए की दूसरी किस्त अवमुक्त होने से विकास कार्यों को गति मिलेगी। इस योजना के अंतर्गत नगर क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति को सुदृढ़, व्यवस्थित और निर्बाध बनाने हेतु विभिन्न कार्य प्रस्तावित हैं, जिनका सीधा लाभ आम नागरिकों को मिलेगा। जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि धनराशि का उपयोग शासनादेशों के अनुरूप, पूर्ण पारदर्शिता और उच्च गुणवत्ता के साथ समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित किया जाए। साथ ही नियमित मॉनिटरिंग के माध्यम से यह सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया है कि नगरवासियों को स्वच्छ और सतत पेयजल उपलब्ध हो। प्रशासन का मानना है कि योजना के प्रभावी क्रियान्वयन से करवी नगर में पेयजल आपूर्ति व्यवस्था में उल्लेखनीय सुधार दिखाई देगा और नागरिकों को राहत मिलेगी।

## सुरक्षा मानकों की बलि चढ़ा राष्ट्रीय रामायण मेला प्रदर्शनी मेले में आग से धू-धूकर जली दुकान

- प्रशासनिक लापरवाही उजागर
- रामायण मेला में आग से मचा हड़कंप

**अखंड भारत संदेश**


आग से धू-धूकर जलती दुकान

**चित्रकूट।** जनपद के रामायण मेला परिसर में बीती रात उस समय अफरा-तफरी मच गई जब पांच दिवसीय प्रदर्शनी मेले के बीच संदिग्ध परिस्थितियों में भीषण आग भड़क उठी। आग की लपटों ने देखते ही देखते दो दुकानों को अपनी चपेट में ले लिया और एक दुकानदार गंभीर रूप से झुलस गया। सीतापुर चौकी क्षेत्र में आयोजित इस मेले में निलेश गुप्ता की कपड़े की दुकान पूरी तरह जलकर राख हो गई। दर्दनाक पहलू यह रहा कि निलेश गुप्ता दुकान के भीतर ही सो रहे थे और आग की चपेट में आकर बुरी तरह झुलस गए। उन्हें तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार जारी है। आग इतनी भयावह थी कि बगल की प्रिंटिंग प्रेस भी इसकी चपेट में आ गई, जिससे मशीनें, लैपटॉप और कपड़े जलकर खाक हो गए। दुकानदारों ने कड़ी मशक्कत के बाद किसी तरह आग पर काबू पाया, लेकिन अनुमान लगाया गया कि तब तक करीब दस लाख रुपये का नुकसान हो चुका था। हैरानी की बात यह है कि मेले में सौ से अधिक दुकानें लगी थीं, फिर भी अग्निशमन यंत्रों और सुरक्षा इंतजामों का कोई खास पुख्ता प्रबंध नहीं था। आयोजकों पर सुरक्षा मानकों की अनदेखी के गंभीर आरोप लग रहे हैं। यदि समय रहते आग पर काबू न पाया जाता, तो यह हादसा विकराल रूप ले सकता था। फिलहाल आग लगने के कारणों की जांच जारी है, लेकिन यह अग्निकांड प्रशासनिक लापरवाही पर बड़ा सवाल खड़ा कर गया है।

# रुको, अपना पहचान पत्र दिखाओ... मुनीर को जर्मनी में गार्ड ने कुछ अंदाज में रोका



**पाकिस्तान**

**पाकिस्तान** के सेना प्रमुख आसिम मुनीर को म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन (एमएससी) के लिए जर्मनी की अपनी यात्रा के दौरान एक अजीबोगरीब स्थिति का सामना करना पड़ा, जब सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें रोककर अन्य प्रतिभागियों की तरह पहचान पत्र दिखाने को कहा। यह घटना सोशल मीडिया पर वायरल हो गई है और इसने सेना प्रमुख की अंतरराष्ट्रीय मान्यता और वैश्विक स्तर पर पाकिस्तान की स्थिति पर बहस छेड़ दी है।

गेट पर रोका गया

ऑनलाइन प्रसारित खबरों के अनुसार, फील्ड मार्शल मुनीर को सम्मेलन स्थल पर सुरक्षा अधिकारियों ने रोक लिया और उनसे पहचान पत्र दिखाने को कहा। एक महिला सुरक्षा अधिकारी को उन्हें रुकने और अपना पहचान पत्र दिखाने का निर्देश देते हुए सुना गया, जिसमें कथित तौर पर कहा गया, रुको तुम्हारा पहचान पत्र कहाँ है? कृपया अपना पहचान पत्र पलटें। खबरों के मुताबिक, पाकिस्तानी सेना प्रमुख ने अनुरोध का पालन किया और प्रवेश की अनुमति मिलने से पहले अपनी पहचान बताई। हालांकि, इस तरह की जाँच उच्च स्तरीय अंतरराष्ट्रीय आयोजनों में मानक प्रक्रिया है।

सोशल मीडिया पर प्रतिक्रिया

इस घटना के वीडियो क्लिप तेजी से डिजिटल प्लेटफॉर्म पर फैल गए, जिससे प्रतिक्रियाओं की लहर दौड़ गई। आलोचकों का तर्क था कि यह घटना शक्तिशाली सैन्य नेता की वैश्विक स्तर पर कम पहचान को दर्शाती है। पूर्व पाकिस्तानी सैन्य अधिकारी और टिप्पणीकार आदिल राजा ने इस मामले पर टिप्पणी करते हुए कहा कि वैश्विक मंच पर ह्लउन्हें कोई नहीं जानताह्व और यह भी कहा कि मुनीर ह्लपूछे जाने पर गेटकीपरों को भी विनम्रतापूर्वक अपना परिचय देते हैं।

जर्मनी में राजनीतिक प्रतिक्रिया

मुनीर की सम्मेलन में भागीदारी का विरोध करने वाले जर्मनी के कुछ राजनीतिक समूहों के विरोध प्रदर्शनों ने विवाद को और बढ़ा दिया।

# भारत ने चुपके से अर्मेनिया को दे दिया ऐसा खूंखार हथियार, अजरबैजान ने खड़ा किया बड़ा हंगामा!



**पाकिस्तान**

**पाकिस्तान** का करीबी दोस्त अजरान इन दिनों भारत पर आरोप लगाए फिर रहा है। आरोप ऐसा कि भारत ने उसके दुश्मन देश आर्मेनिया को इजराइल की घातक तकनीक सौंप दी। दरअसल यह पूरा मामला है किलर ड्रोन का जब हाल ही में आर्मेनिया की कंपनी दवारो ने ड्रैगन फ्लाई 3 नाम का लॉटरींग म्यनिशन पेश किया जिसके पेश होने के बाद से असली घमासान शुरू हो गया है और अजरबैजान ने यह दावा किया है कि यह ड्रोन दिखने और क्षमता में बिल्कुल इजराइली हेरोप ड्रोन जैसा है और इसकी टेक्नोलॉजी भारत के जरिए अर्मेनिया तक पहुंची है। अजर बाइजान ने जिस इजरायली है ड्रोन की तकनीक इस ड्रैगन फ्लाई थ्री ड्रोन में होने की बात कही है, वह इजराइल का एक घातक ड्रोन है जिसे इजराइल एयररोस्पेस इंडस्ट्रीज ने विकसित किया है और यह कोई साधारण ड्रोन नहीं बल्कि ड्रोन और मिसाइल का खतरनाक कॉम्बिनेशन है। यह ड्रोन करीब 9 घंटे तक हवा में मंडराते रहने की क्षमता रखता है और इस दौरान यह टारगेट की तलाश करता है और सही वक्त आने पर सीधे उससे टकराकर खुद को उड़ा देता है।

करीब 23 किमी विस्फोटक के साथ और 1000 किमी से ज्यादा रेंज इसे बना देती है एक घातक साइलेंट शिकारी। अर्मेनिया के पास ऐसी ही सेम तकनीक वाली ड्रोन होने का दावा कर रहा है तो यह दावा उसके डर को दिखाता है। दरअसल साल 2020 के नारगोन काराबाक युद्ध में अजरबजान ने इजराइल की मदद से लिए गए इन्हीं हेरोप ड्रोंस का इस्तेमाल आर्मेनिया के खिलाफ किया था। सलिए अगर अब आर्मेनिया के पास भी हैरोप जैसी ही क्षमता आती है तो अजरान की बढ़ती हुई बेचैनी को साफ-साफ समझा जा सकता है। हालांकि अजर भाईजान के इन दावों की कहीं भी पुष्टि नहीं हुई है और इस दावे पर भारत की तरफ से कोई भी आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है।

आर्मेनिया भारत के रक्षा उत्पादों का एक बड़ा ग्राहक है। जिसे भारत ने पिनाका से लेकर आकाश जैसी मिसाइल और स्वाति वेपन लोकेटिंग रडदार जैसे उपकरण दे रखे हैं। जो कि भारत और आर्मेनिया के बीच के अच्छे रिश्तों को दिखाता है। इसी बीच आपको यह भी बता दें कि इजराइल और अजर भाईजान के रिश्ते मजबूत होते दिख रहे हैं। हाल ही में दोनों देशों ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर एक एमओयू साइन किया है और दोनों देशों के शीर्ष नेतृत्व के बीच हुई मुलाकात में यह बात सामने आई। इजराइल एरोस्पेस इंडस्ट्रीज ने साफ किया है कि वह सभी अंतरराष्ट्रीय सौदों में कानून और रक्षा मंत्रालय के निदेशों का पालन करती है।

# तारिक रहमान के शपथग्रहण का निमंत्रण ठुकराया?

**बांग्लादेश**

**बांग्लादेश** के नए कैबिनेट के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने 13 देशों के शासनाध्यक्षों को आमंत्रित किया है। इनमें भारत भी एक है। बाकी देशों में चीन, सऊदी अरब, पाकिस्तान, तुर्की, संयुक्त अरब अमीरात, कतर, मलेशिया, ब्रूनेई, श्रीलंका, नेपाल, मालदीव और भूटान है। शपथ ग्रहण समारोह 17 तारीख को आयोजित होना है। ढाका में होने वाला यह शपथ ग्रहण समारोह सिर्फ औपचारिक कार्यक्रम नहीं माना जा रहा बल्कि इसे नई सरकार के अंतरराष्ट्रीय संदेश के तौर पर भी देखा जा रहा है। खासकर भारत और चीन दोनों को निमंत्रण भेजना क्षेत्रीय संतुलन की कोशिश के रूप में देखा जा रहा है।

लेकिन असल सवाल है कि क्या पीएम मोदी इस शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे?

बांग्लादेश के 13वें संसदीय चुनाव में बीएनपी यानी बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी प्रचंड बहुमत के साथ सरकार बनाने जा रही है और पार्टी के अध्यक्ष तारिक रहमान देश के नए प्रधानमंत्री बनेंगे।

# अमेरिका ने उतारा दुनिया का सबसे बड़ा युद्धपोत



**अमेरिका**

**ईरान** और अमेरिका में जंग की आहट सुनाई देने लगी है। ईरान के पास अरब सागर में अमेरिकी एयरक्राफ्ट कैरियर यूएसएस अब्राहम लिंकन पहले से ही तैनात हो चुका है और अब अमेरिका ने एक और विमान वाहक पोत ईरान के लिए रवाना कर दिया है। दो अमेरिकी अधिकारियों ने न्यूज एजेंसी रटर्स को बताया कि दुनिया का सबसे बड़ा विमान वाहक पोत यूएसएस गेराल्लड आर फोर्ड मिडिल ईस्ट के लिए रवाना हो चुका है। जिसमें हजारों सैनिक, लड़ाकू विमान, गाइडेड मिसाइल सहित कई हथियार भेजे गए हैं। अमेरिकी अधिकारियों ने रट्टर्स को बताया कि अमेरिकी सेना ईरान के खिलाफ हफ्तों तक चलने वाले संभावित सैन्य अभियान की तेजी से तैयारी कर रही है और अगर राष्ट्रपति ट्रंप हमले का आदेश देते हैं तो यह संघर्ष दोनों देशों के बीच पहले से देखे गए संघर्षों से कहीं अधिक गंभीर हो सकता है। इस बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि ईरान के साथ समझौता करना मुश्किल हो रहा है। ऐसे में ईरान में सत्ता परिवर्तन के विचार का समर्थन करना ही अच्छा है। सीप 47 देन गोप्स इन दस पावर हैज अराइव एंड एडिशनल पावर अनदर गोइंग आउट शली सो वी विल सी इट हाउ अमेरिका अपना सबसे बड़ा युद्धपोत ईरान की ओर ऐसे समय पर रवाना कर चुका है जब हाल ही में व्हाइट हाउस में राष्ट्रपति ट्रंप ने इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन ने नतन्या से मुलाकात की थी। इस मुलाकात में ईरान और अमेरिका के बीच ओमान की राजधानी मस्कट में हुई बातचीत पर चर्चा हुई थी। अमेरिकी मीडिया की रिपोर्ट्स के मुताबिक इस मुलाकात में ईरान पर संभावित हमले पर भी बात हुई थी। कहा जा रहा है कि अमेरिका अगर ईरान पर हमला करता है तो इजराइल भी उसमें शामिल हो सकता है।

बता दें कि अमेरिका ईरान से परमाणु कार्यक्रम को छोड़ने और मिसाइल कार्यक्रम को सीमित करने की मांग कर रहा है। जबकि ईरान इसके लिए तैयार नहीं है। ईरान का दावा है कि उसका परमाणु कार्यक्रम ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए है। जबकि अमेरिका ईरान पर परमाणु बम बनाने का आरोप लगाता रहा है। इस मुद्दे को लेकर मस्कट में हुई बातचीत के बाद दोनों पक्षों ने आगे की बातचीत जारी रखने की बात कही थी।

# चुपके से खेल गया भारत! डॉलर पर पुतिन का नया बवाल, ट्रंप रह गए हैरान

**यूक्रेन**

**दुनिया** यूक्रेन यू डीडोलाइजेशन और ब्रिक्स की राजनीति में उलझी रही है और भारत चुपचाप अपना गेम सेट करता रहा है। भारत चुपचाप अपना गेम खेलता रहा है। अब एक बड़ा डेवलपमेंट सामने आया है। रूस का एक कथित इंटरनल मेमो लीक हुआ है जिसमें दावा किया गया है कि युद्ध के बाद रूस दोबारा डॉलर सिस्टम में लौट आया है और वह भी अमेरिका के साथ बड़े एनर्जी सौदे के बदले। दरअसल मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक एक रूसी रणनीतिक दस्तावेज में अमेरिका रूस आर्थिक सहयोग की संभावनाओं का जिक्र है।

बशर्ते यूक्रेन युद्ध रूस की शर्तों पर खत्म हो। कहा जा रहा है कि रूस ने संकेत दिया है कि वह दोबारा डॉलर सेटलमेंट सिस्टम में लौट सकता है। एनर्जी ट्रेड डॉलर में होगा। अमेरिकी कंपनियों को ऑयल और एलएनजी प्रोडक्ट में एंट्री हो जाएगी। आर्कटिक और साइबेरिया के फील्ड्स खोले जा सकते हैं। यह बात इसलिए बड़ी है क्योंकि साल 2022 के बाद रूस ने डॉलर से दूरी बनाकर युवान और रुपए में व्यापार बढ़ाया था।

# 7 सैनिक किडनैप, बीएलए ने वीडियो किया वायरल



**पाकिस्तान**

**पाकिस्तानी** सैनिक बलूच लिबरेशन आर्मी की कैद में है। पाकिस्तानी सैनिक, उनकी वर्दी, उनके हथियार सब के सब बलूच लिबरेशन आर्मी के कब्जे में। सात पाकिस्तानी सैनिकों को बंधक बना रखा है बीएलए ने और सात दिन का अल्टीमेटम दिया है। अगर इनकी रिहाई चाहते हो तो उनकी मांगे मान लो। बलूच लिबरेशन आर्मी ने दावा किया है कि उनके लड़ाकों ने ऑपरेशन हेरॉफ 2.0 के दौरान पाकिस्तानी सुरक्षा बलों के 17 कर्मियों को पकड़ा। संगठन ने कहा कि शुरूआती जांच के बाद 10 लोगों को रिहा किया गया। जबकि सात सैनिक अब भी उसकी हिरासत में हैं। पाकिस्तानी सैनिक अपनी जुबान से अपनी जान बचाने की गुहार लगा रहे हैं और उनका कहना है कि बीएलए की जो भी डिमांड्स हैं उसे पाक सेना जल्द से जल्द मान ले वरना यह अपनी जान नहीं बचा पाएंगे। बीएलए ने दावा किया है कि इन सैनिकों को कथित बलूच राष्ट्र अदालत के सामने पेश किया गया जहां उनके खिलाफ कार्रवाई की गई है। बीएएलए ने इन सात कैदियों की रिहाई के बदले अपने लोगों की रिहाई की मांग की है और उसका कहना है कि इसके लिए महज 7 दिन का ही मौका पाकिस्तान के पास है। बीएलए का कहना है कि वह कैदी अदला बदली करने की प्रक्रिया शुरू कर सकता है। संगठन का दावा है कि अंतरराष्ट्रीय युद्धबंदी संबंधी सिद्धांतों के तहत यह प्रस्ताव रखा गया है। अगर पाकिस्तान की सेना उनके इस प्रस्ताव को नहीं मानती है तो फिर बीएलए आगे का कदम उठा लेगा।

# अब अमेरिका बताए कि उसे ये डील करनी है या नहीं, ईरान ने दे दिया ऑफर



**ईरान**

**ईरान** के एक मंत्री ने बीबीसी को बताया है कि अगर अमेरिका प्रतिबंध हटाने पर चर्चा करने को तैयार है, तो ईरान परमाणु समझौते तक पहुंचने के लिए समझौता करने को तैयार है। अमेरिकी अधिकारियों ने बार-बार इस बात पर जोर दिया है कि इस लंबे समय से चल रही वार्ता प्रक्रिया में प्रगति में रुकावट अमेरिका नहीं, बल्कि ईरान की है। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप समझौता चाहते हैं, लेकिन ईरान के साथ समझौता करना "बहुत मुश्किल" है। लेकिन तेहरान में बीबीसी को दिए एक साक्षात्कार में ईरान के उप विदेश मंत्री माजिद तख्त-रवांची ने कहा कि यह साबित करना अमेरिका के हाथ में है कि वे समझौता करना चाहते हैं। अगर वे गंभीर हैं, तो मुझे यकीन है कि हम समझौते की ओर अग्रसर होंगे।

अगर ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर अंकुश लगाने के लिए कोई समझौता नहीं हो पाता है, तो ट्रंप ने ईरान पर हमले की धमकी दी है। इसके चलते अमेरिका ने इस क्षेत्र में अपनी सैन्य उपस्थिति बढ़ा दी है। पिछले महीने ईरान द्वारा देशव्यापी सरकार विरोधी प्रदर्शनों के हिंसक दमन के बाद यह कदम उठाया गया है, जिसमें मानवाधिकार समूहों के अनुसार हजारों लोग मारे गए थे। अमेरिका और ईरान ने फरवरी की शुरूआत में खाड़ी देश ओमान में अप्रत्यक्ष वार्ता की थी।

तख्त-रवांची ने मंगलवार को जिनेवा में दूसरे दौर की वार्ता की पुष्टि करते हुए कहा कि वार्ता "कमोबेश सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ रही है, लेकिन अभी कुछ कहना जल्दबाजी होगी। उप विदेश मंत्री ने तेहरान द्वारा अपने 60% संवर्धित यूरेनियम को कम करने के प्रस्ताव को समझौते के प्रति उसकी तत्परता का प्रमाण बताया।

स्विट्जरलैंड के मंत्रालय ने बताया कि ओमान ने छह फरवरी को अप्रत्यक्ष वार्ता के पहले दौर की मेजबानी की थी और अब वह वार्ता का आयोजन जिनेवा में करेगा। हालांकि उसने वार्ता की तारीखों का उल्लेख नहीं किया। पहली बातचीत के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने तेहरान को चेतावनी देते हुए कहा था कि यदि कोई समझौता नहीं हुआ तो इसके परिणाम ह्लबेहद गंभीर और दर्दनाकह्ल होंगे। ट्रंप कई बार धमकी दे चुके हैं कि अगर ईरान अपने परमाणु कार्यक्रम को बंद करने पर राजी नहीं हुआ तो वह बल प्रयोग करेंगे। ईरान ने भी जवाबी हमले की चेतावनी दी है। ट्रंप ने हाल में ईरान में हुए प्रदर्शनों पर की गई कड़ी कार्रवाई को लेकर भी उसे धमकी दी थी। वहीं खाड़ी के अरब देशों ने आगाह किया है कि कोई भी हमला एक और क्षेत्रीय संघर्ष में बदल सकता है।

# रूस की संसद में अचानक पीएम मोदी का नाम, फिर जो हुआ



**अमेरिका**

**रूस** और भारत पर इस वक्त पूरी दुनिया की नजरें हैं। और इसी बीच रूस ने पहली बार अपनी संसद में भारत का नाम लेकर वह ऐलान किया है जिसने जबरदस्त तहलका मचा दिया है। यूरोप और अमेरिका की भारत के साथ ट्रेड डील ने रूस को पहली बार सतर्क और परेशान कर दिया है। इतना कि रूसी सरकार को अपनी संसद में पीएम मोदी और भारत का नाम लेकर बयान तक देने पड़ गए। और जब रूसी संसद में यह सब कुछ हो रहा था तब रूस के विदेश मंत्री लावरोव भावुक तक हो गए। दरअसल रूस की जनता और पूरी दुनिया यह जानना चाहती है कि क्या सही में भारत अब रूसी तेल नहीं खरीदेगा। भारत अमेरिका डील के बाद पहली बार इन सवालों का जवाब देने के लिए खुद रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव आए और कहा कि अमेरिका भारत को हमसे दूर कर रहा है और यह सब कुछ रूस की संसद में हो रहा था।

रूस ने कहा कि अमेरिका भारत को दूसरे देशों से महंगा तेल खरीदने के लिए मजबूर कर रहा है। यह सीधे-सीधे ऊर्जा कूटनीति की लड़ाई है। जहां तेल सिर्फ कारोबार नहीं बल्कि रणनीतिक ताकत बन चुका है। सरगई लावरो ने संसद में खड़े होकर अपनी देश की जनता और दुनिया को बताया कि पुतिन के भारत दौरे से दोनों देशों के बीच में स्ट्रेटेजिक रिलेशनशिप मजबूत हुई थी। यानी मॉस्को यह संदेश देना चाहता था कि रिश्ते सिर्फ तेल तक सीमित नहीं है भारत और रूस के। रूसी विदेश मंत्री सरगई लावो ने संसद में खड़े होकर अपने देश की जनता और दुनिया को यह तक बता दिया कि उन्होंने ट्रंप के अलावा किसी से यह बात नहीं सुनी कि भारत रूस से तेल खरीदना बंद कर देगा।

यहां तक कि पीएम मोदी ने भी अभी तक ऐसा कुछ भी नहीं कहा है। यह कहना है रूस के विदेश मंत्री का। रूस ने अपने देश के लोगों को यह तक बताया कि भारत हमारे साथ ही रहेगा और वैसे भी सूत्र भी यह बताते हैं कि भारत भी रूस को कभी अकेला नहीं छोड़ेगा। रूसी तेल खरीदना बंद नहीं करेगा। अब ऐसे में यह सवाल है तो कि क्या वाकई भारत सच में रूस से दूर जा रहा है या फिर यह सिर्फ एक वैश्विक शक्ति संतुलन की एक बड़ी रणनीतिक चाल है।

फिलहाल आधिकारिक तौर पर भारत ने ऐसा कोई भी ऐलान नहीं किया है ।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा, प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI NO. UPHIN/2001/09025
प्रबन्धक
अनूप मिश्रा
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादो का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा

# भारत से दोस्ती करना चाहती है बांग्लादेश की नई सरकार



**बांग्लादेश**

**भारत** के पड़ोसी मुल्क बांग्लादेश में हुए सत्ता परिवर्तन की जिसने पूरे दक्षिण एशिया की राजनीति को एक नए मोड़ पर लाकर खड़ा कर दिया है। बांग्लादेश में हुए आम चुनाव में बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी यानी कि बीएनपी ने ऐतिहासिक और भारी जीत हासिल की और अब पार्टी के नेता तारिक रहमान देश के नए प्रधानमंत्री के रूप में शपथ लेने जा रहे हैं। लेकिन इस राजनीतिक बदलाव की सबसे बड़ी और अहम बात यह है कि नई सरकार भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उनके शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने का न्योता दिया है। यह सिर्फ एक औपचारिक निमंत्रण नहीं होगा बल्कि यह एक बहुत बड़ा कूटनीतिक संदेश बांग्लादेश की नई सरकार की तरफ से दिया गया कि भारत के साथ रिश्तों को नए सिरे से मजबूत करना चाहती है। इस पूरे घटनाक्रम को और अहम इसलिए भी माना जा रहा है क्योंकि शपथ ग्रहण से ठीक पहले प्रधानमंत्री मोदी और तारिक रहमान के बीच फोन पर बातचीत हुई है। प्रधानमंत्री मोदी ने उन्हें जीत की बधाई दी और कहा कि भारत बांग्लादेश की जनता की आकांक्षाओं को पूरा करने में उनके साथ पूरी तरह से खड़ा है। यह बातचीत इस बात का संकेत भी है कि भारत नई सरकार के साथ सकारात्मक इसी के साथ-साथ एक स्थिर संबंध रखना चाहती है।

लेकिन पीएम मोदी के ढाका आने की संभावना कम है क्योंकि वे 17 फरवरी को मुंबई में फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ द्विपक्षीय वार्ता करने वाले हैं। हालांकि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला 17 फरवरी को ढाका में बांग्लादेश के नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री तारिक रहमान के शपथ ग्रहण समारोह में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। सरकार ने एक बयान में कहा कि समारोह में ओम बिरला की उपस्थिति इस बात को रेखांकित करती है कि नई दिल्ली ढाका के साथ अपने संबंधों को कितना महत्व देती है और यह दोनों पड़ोसी देशों के बीच साझा लोकतांत्रिक मूल्यों को दशार्ती है। अन्य क्षेत्रीय नेताओं के साथ-साथ, पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के भी तारिक रहमान के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए ढाका जाने की उम्मीद है। मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार ने भारत, चीन, सऊदी अरब, तुर्की, संयुक्त अरब अमीरात, कतर, मलेशिया, ब्रुनेई, श्रीलंका, नेपाल, मालदीव और भूटान सहित 13 देशों को आमंत्रित किया है।

दोनों देशों के संबंधों के बीच बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना का मुद्दा काफी अहम है। शेख हसीना जो कि लंबे समय तक बांग्लादेश की सबसे ताकतवर नेता रही और आवामी लीग की प्रमुख थी। उन्हें 2024 के बड़े जन आंदोलन के बाद सत्ता छोड़कर अपने देश से भागना पड़ा था। फिलहाल वह भारत में रह रही हैं और बांग्लादेश की नई सरकार चाहती है कि भारत उन्हें वापस भेजें ताकि उन पर मुकदमा चलाया जा सके। बीएनपी के नेताओं ने साफ तौर पर कहा कि वह भारत से शेख हसीना के प्रत्यार्पण की मांग करते हैं। यानी कि एक तरफ तो नई सरकार भारत से रिश्ते पूरी तरह से सुधारना चाहती है। लेकिन दूसरी ओर वो भारत से एक ऐसी मांग भी कर रही है जो कि दोनों ही देशों के रिश्तों के लिए सबसे बड़ी परीक्षा बन सकती है। दरअसल बांग्लादेश में यह पूरा राजनीतिक बदलाव 2024 के उस जन आंदोलन के बाद शुरू हुआ जब बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हुए।